चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 128, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 06 जून 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# अवधेश राय हत्याकांड में मुख्तार को उम्रकैद

## कांग्रेस के पूर्व एमएलए के भाई को मारी थी गोली, 32 साल बाद फैसला, एक लाख रुपये से अधिक का जुर्माना भी लगा

**वाराणसी:** बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। 32 साल पुराने वाराणसी के बहुचर्चित अवधेश राय हत्याकांड में विशेष न्यायाधीश (एमपी-एलएलए कोर्ट) अवनीश गौतम की अदालत ने माफिया मुख्तार अंसारी को उम्र कैद की सजा सुनाई है। एक लाख रुपये से अधिक का जुर्माना भी लगा है। पूर्वांचल में सभी की निगाहें इस ओर टिकी थी कि मुख्तार को क्या सजा मिलेगी। बीते एक साल में मुख्तार अंसारी को चार मामलों में सजा सुनाई जा चुकी है। लेकिन इन सभी मामलों में अवधेश राय हत्याकांड में उसे पहली बार उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। कोर्ट के फैसले के मद्देनजर सिविल कोर्ट परिसर के साथ ही नौ मंजिला बिल्डिंग स्थित अदालत कक्ष की सुरक्षा व्यवस्था सख्त रही। अधिवक्ता अनुज यादव ने बताया कि दिनदहाड़े अवधेश राय की हत्या की गई थी। 32 साल पुराने इस मामले में एमपी-एलएलए कोर्ट ने मुख्य आरोपी मुख्तार अंसारी को दोषी करार दिया है। घटना के दो चश्मदीद गवाहों ने गवाही दी। एमपी-एमएलए कोर्ट में सिर्फ मुख्तार अंसारी का केस चल रहा था, बाकी अभियुक्तों का मामला इलाहाबाद के जिला न्यायलय में लंबित है। अवधेश राय पूर्व मंत्री व पिंडरा के कई बार विधायक रहे और अब कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के बड़े भाई थे। सोमवार को एमपी-एमएलए कोर्ट के फैसले का अजय राय ने स्वागत किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बड़े भाई की हत्या करने वालों के खिलाफ तीन दशक से ज्यादा समय से संघर्ष कर रहा हूं। माफिया के धनबल, बाहुबल और सत्ता से गठजोड़ के आगे कभी नहीं झुका। न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है। अपने परिवार और अधिवक्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि मैं रहूं या ना रहूं लेकिन इन लोगों ने लड़ाई जारी रखी।

**वैन से आए बदमाशों ने की थी अंधाधुंध फायरिंग:** तीन अगस्त 1991 को वाराणसी के चेतगंज थाना क्षेत्र के लहुराबीर इलाके में रहने वाले कांग्रेस नेता अवधेश राय अपने भाई अजय राय के साथ घर के बाहर खड़े थे। सुबह का वक्त था। एक वैन से आए बदमाशों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। अवधेश राय को गोलियों से छलनी कर दिया गया। अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना से पूरा पूर्वांचल सहम उठा था।पूर्व विधायक अजय राय ने इस मामले में मुख्तार अंसारी को मुख्य आरोपी बनाया। साथ में भीम सिंह, कमलेश सिंह व पूर्व विधायक अब्दुल कलाम और राकेश न्यायिक का भी नाम रहा।

### दादा स्वतंत्रता सेनानी, नाना रहे ब्रिगेडियर और मुख्तार बना माफिया...

- दादा डॉक्टर मुख्तार अहमद अंसारी स्वतंत्रता सेनानी थे, वे कांग्रेस और मुस्लिम लीग अध्यक्ष भी रहे।
- नाना बिग्रेडियर उस्मान आर्मी में थे, उन्हें उनकी वीरता के लिए महावीर चक्र से सम्मानित किया गया था।
- 2005 में मुख्तार पर भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या का आरोप लगा।





### दादा स्वतंत्रता सेनानी, नाना ब्रिगेडियर फिर मुख्तार अंसारी कैसे बना माफिया?

**वाराणसी: मुख्तार** अंसारी...बड़ा आपराधिक किरदार, लेकिन उतने ही बड़े सियासी सरोकार। नाम लेते ही आंखों के सामने राजनेता के बजाय घूमने लगती है एक ऐसे शख्स की शक्ल जिसका नाम पूर्वांचल में ही नहीं बल्कि प्रदेश और देश के दूसरे राज्यों में घटने वाली बड़ी आपराधिक घटनाओं में चर्चा में आता रहा। जमीन पर कब्जा, अवैध निर्माण, हत्या, लूट, सहित अपराध की दुनिया के कुछ ही ऐसे काम होंगे, जिनसे मुख्तार का नाम न जुड़ा हो। पर, विरोधाभास देखिए कि लोगों के जेहन में खौफ पैदा कर देने वाला नाम विधानसभा में पूर्वांचल की मऊ सीट से लगातार लोगों की पहली पसंद बनकर पांच बार विधायक बना। सोमवार को वाराणसी के बहुचर्चित अवधेश राय हत्याकांड में मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही एक एक लाख 20 हजार रुपये का जुर्माना लगा है।

मुख्तार की इतनी कुख्यात छवि अतीत के पन्नों पर नजर डालें तो ताज्जुब होता है कि इतने बड़े परिवार के सदस्य की इतनी कुख्यात छवि। माफिया मुख्तार अंसारी का परिवार प्रतिष्ठित था। उसके चचेरे दादा डॉ. मुख्तार अहमद अंसारी 1926-27 के बीच कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने मद्रास से मेडिकल की पढ़ाई की थी। यूनाइटेड किंगडम से एमएस और एमडी की डिग्री लेकर सर्जरी पर शोध किया था। महात्मा गांधी से प्रभावित होकर उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की थी। वह जामिया मिल्लिया इस्लामिया के संस्थापक सदस्य और कुलपति भी रहे। मऊ जिले के बीबीपुर गांव में जन्मे ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान को मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित किया गया था। ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान रिश्ते में मुख्तार अंसारी के नाना थे। मुख्तार अंसारी के पिता सुब्हानउल्लाह अंसारी गाजीपुर में स्थानीय स्तर की राजनीति में सक्रिय थे और वामपंथी विचारधारा से प्रभावित थे। देश में सबसे लंबे समय तक उप राष्ट्रपति रहे हामिद अंसारी रिश्ते में मुख्तार अंसारी के चाचा लगते हैं।

### एक-एक कर अपराध की सीढ़ियां चढ़ता गया मुख्तार

**इतनी** समृद्ध राजनीतिक विरासत से आने वाले मुख्तार पर मकोका (महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट) और गैंगस्टर एक्ट के तहत भी मुकदमे कायम हुए। वर्ष 1996 में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के टिकट पर जीतकर पहली बार विधानसभा पहुंचने वाले मुख्तार ने 2002, 2007, 2012 और फिर 2017 में भी बसपा के टिकट पर मऊ से जीत हासिल की।

इनमें से 2007, 2012 और 2017 के चुनाव उसने जेल में रहते हुए लड़े। 2017 में मुख्तार अपने बेटे अब्बास को भी चुनाव लड़ाया, लेकिन वह जीत नहीं सका। हालांकि 2022 में वह मई सदर सीट से विधायक बना। बताते हैं कि 80 और 90 के दशक में अपने चरम पर रहे आपराधिक दुनिया के बड़े नाम बृजेश सिंह और मुख्तार का गैंगवार गाजीपुर से शुरू हुआ था। मुख्तार का अपराध की दुनिया में पहली बार 1988 में मंडी परिषद की ठेकेदारी को लेकर स्थानीय ठेकेदार सच्चिदानंद राय की हत्या के मामले में नाम आया। फिर त्रिभुवन सिंह के भाई कांस्टेबल राजेंद्र सिंह की हत्या का आरोप भी उस पर लगा। इसके बाद मुख्तार एक-एक कर अपराध की सीढ़ियां चढ़ता गया। गाजीपुर के साथ ही चंदौली, वाराणसी, मऊ में अपना प्रभाव बढ़ाना शुरू किया। पूर्वांचल में कभी जिस मुख्तार अंसारी के इशारे पर सरकारें अपना निर्णय बदल लेती थी, आज उसी मुख्तार का बना बनाया हुआ साम्राज्य ढह रहा है।

# पर्यावरण अनुकूल आचरण हो अनिवार्य : योगी

## "रेस फॉर लाइफ : सर्कुलर इकॉनमी एवं लोकल क्लाइमेट एक्शन" विषयक कांफ्रेंस में बोले मुख्यमंत्री

**गोरखपुर: उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण के प्रत्येक क्षेत्र में दिख रहे प्रदूषण पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण पर नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार अपने स्तर पर गंभीर प्रयास कर रही है, लेकिन प्रदूषण के घातक दुष्परिणामों से बचने के लिए हर व्यक्ति को पर्यावरण अनुकूल आचरण करना होगा। मुख्यमंत्री योगी सोमवार को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की तरफ से आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित 'रेस फॉर लाइफ : सर्कुलर इकॉनमी एवं लोकल क्लाइमेट एक्शन' विषयक कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के आयोजन की शुरूआत के साथ पर्यावरण संकट पर 51 वर्ष पूर्व से चिंता की जा रही है। 51 वर्षों की आर्थिक विकास यात्रा में पर्यावरण कहां छूट गया, यह चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण पृथ्वी, जल, वायु, पेड़-पौध सबका समन्वित रूप है। हम सबकी रचना भी पंचतत्वों के इर्द-गिर्द हुई है। हमारा जीवन चक्र व सृष्टि एक दूसरे से जुड़े हुए हैं, लेकिन हमने सृष्टि के तत्वों जल, वायु को प्रदूषित किया। इसका खामियाजा हमें विभिन्न प्रकार की बीमारियों के रूप में भुगतना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय मनीषा के मंत्र इस बात के प्रमाण हैं कि हमारे पूर्वजों ने सृष्टि के प्रत्येक वस्तु के कल्याण की बात की है। कल्याण मतलब कोई भी वस्तु प्रदूषित न होने पाए। पहले हम यज्ञ करते थे, घर-घर हवन होता था। इन सबको तिलांजलि देकर हमने ऐसी जीवन पद्धति अपना ली जो आज हमारे लिए ही घातक हो गई। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ करने का दुष्परिणाम प्रदेश के कुछ हिस्सों में सितंबर-अक्टूबर की असमय बाढ़ या दिल्ली में नवंबर-दिसंबर के स्मॉग के रूप में सामने है। उद्योगों को बंद करना पड़ता है। कभी सूखा तो कभी अतिवृष्टि से अन्न का संकट भी खड़ा हो सकता है।



## यूएसए से चल रहा था आर्म्स सप्लाई का धंधा

**नई दिल्ली: स्पेशल** सेल ने इंटरस्टेट आर्म्स सप्लायर गैंग का पदार्फाश करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। इस गैंग का मास्टरमाइंड इसे यूएसए से चला रहा है। हथियार की खेप को यह गैंग कार की स्टीरियो के अंदर छिपाकर रखते थे। इनके पास से 25 सॉफिस्टिकेटेड पिस्टल, दो एक्स्ट्रा मैगजीन और 50 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। स्पेशल सेल के स्पेशल पुलिस कमिश्नर एच एस धालीवाल ने बताया कि गिरफ्तार हथियार सप्लायर की पहचान मुंकद सिंह के रूप में हुई है। यह अमृतसर, पंजाब का रहने वाला है।

# साक्षी मलिक, बजरंग सरकारी ड्यूटी पर लौटे

## विरोध से हटने की खबरों को बताया अफवाह, महिला पहलवानों की एफआईआर उठाने की खबर भी झूठी



**नई दिल्ली: पहलवानों** के चल रहे विरोध ने सोमवार को तब नाटकीय मोड़ ले लिया जब पहलवान साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया ने घोषणा की कि वे अपने सरकारी कर्तव्यों में फिर से शामिल होंगे। दोनों पहलवानों द्वारा रेलवे में अपनी नौकरी ज्वाइन करने के बाद कुछ मीडिया रिपोर्टों में यह बात कही जाने लगी कि पहलवान विरोध प्रदर्शन से हट कर नौकरी पर वापस लौट गए हैं, हालांकि अब पहलवानों ने विरोध से हटने की खबर को अफवाह बताया है। बजरंग, साक्षी और विनेश फोगाट समेत देश के शीर्ष पहलवान यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर निवर्तमान डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। बजरंग ने ट्वीट किया, "हम न पीछे हटे हैं और न ही हमने आंदोलन वापस लिया है। महिला पहलवानों की एफआईआर उठाने की खबर भी झूठी है। इंसाफ मिलने तक लड़ाई जारी रहेगी।"साक्षी ने ट्वीट कर कहा, "ये खबर बिलकुल गलत है।

इंसाफ की लड़ाई में ना हम में से कोई पीछे हटा है, ना हटेगा। सत्याग्रह के साथ साथ रेलवे में अपनी ज़िम्मेदारी को साथ निभा रही हूँ। इंसाफ मिलने तक हमारी लड़ाई जारी है। कृपया कोई गलत खबर ना चलाई जाए।" गौरतलब है कि पहलवानों ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी, जिसके बाद उन्होंने नौकरी ज्वाइन करने का फैसला किया।

## सरकार से पहलवानों की बातचीत शुरू: राकेश टिकैत

**मुजफ्फरनगर: भारतीय** किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार ने पहलवानों की बातचीत शुरू की है। कहा कि खिलाड़ियों ने ताकत दिखाई है, जिसका असर देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि आंदोलन अभी जारी है। गृह मंत्रालय से पहलवानों की बातचीत शुरू हुई है। सोरम और कुरुक्षेत्र की पंचायत में भी बातचीत करने की बात कही गई थी। वहीं, मुंडलाना में बजरंग पूनिया ने कहा था कि अभी आगे का निर्णय नहीं लेना है, जब पहलवान कोई बैठक बुलाएंगे या कोई निर्णय लेंगे तो हम सभी एकत्र होंगे। ऐसे में पहलवानों को दिल्ली ले जाने का नौ जून का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि गांव और देहात में तैयारी रखें। खिलाड़ियों ने बहुत मेहनत से आंदोलन चलाया। पहलवान जो भी निर्णय करेंगे, उसके बाद भविष्य की रणनीति तय की जाएगी।



## सिसोदिया को दिल्ली हाई कोर्ट से झटका

# ईडी मामले में नहीं मिली अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली: दिल्ली हाई** कोर्ट ने आबकारी घोटाला मामले में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को ईडी मामले में अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि सिसोदिया पर आरोप गम्भीर हैं, ऐसे में उनको 6 हफ्ते की अंतरिम जमानत नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने सिसोदिया को अपनी पत्नी से घर या अस्पताल में पुलिस की मौजूदगी में मिलने की इजाजत दी। कोर्ट ने शर्त लगाई है कि पत्नी से मिलने जाने के दौरान सिसोदिया मीडिया से बात नहीं करेंगे। सिसोदिया फोन भी इस्तेमाल नहीं करेंगे। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट को बताया गया कि मनीष सिसोदिया को 3 जून की सुबह उनके घर पर ले जाया गया था लेकिन वह अपनी पत्नी से मुलाकात नहीं कर पाए, क्योंकि उससे पहले ही उनकी पत्नी को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। ईडी ने मनीष सिसोदिया की अंतरिम जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि जब उन्होंने पहली बार अंतरिम जमानत की अर्जी दाखिल की थी, उस समय और अभी की अंतरिम जमानत की अर्जी के समय उनकी पत्नी की हालत में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। ईडी ने कहा कि पत्नी दो दशक से इस बीमारी से पीड़ित है। अगर 6 हफ्ते के लिए सिसोदिया को अंतरिम जमानत दी भी जाती है, तो उससे बहुत ज्यादा असर नहीं होगा। इतना ही नहीं, उनके पास पीडब्ल्यूडी, शिक्षा, आबाकरी, फाइनेंस, विजिलेंस, बिनली, स्वास्थ्य, गृह समेत 18 पोर्टफोलियो थे। ऐसे में वह पत्नी के एक मात्र देख भाल करने वाले नहीं हो सकते हैं।



## सेना की सप्लाइ चेन मजबूत कर रहा, अमेरिकी थिंक टैंक की रिपोर्ट में दावा

# चीन ने अक्साई चिन में बनाई सड़कें, हेलिपोर्ट और कैंप

**नई दिल्ली: अमेरिकी** थिंक टैंक चेटहेम हाउस ने दावा किया है कि चीन ने अक्साई चिन तक सड़कें, आउटपोस्ट,हेलिपोर्ट और कैंप बना लिए हैं। चीन का मंशा यहां नया सप्लाई रूट बनाना है। इसके जरिए वह किसी आपात स्थिति में यहां सेना भेज सकता है। चेटहेम हाउस ने पिछले 6 महीने की सैटेलाइट तस्वीरों की एनालिसिस के आधार पर यह रिपोर्ट दी है। अक्साई चिन वह इलाका है जिस पर चीन ने 1962 के युद्ध के बाद से कब्जा कर रखा है। थिंकटैंक ने अक्टूबर 2022 से ही तस्वीरों के जरिए चीन की एक्टीविटीज पर नजर रखी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अक्साई चिन लेक के पास विवादित इलाके में हेलिपोर्ट बनाया है। चीन यहां 18 हैंगर्स और छोटे रनवे का निर्माण कर रहा है, जहां आपात स्थिति में ड्रोन, हेलिकॉप्टर और फाइटर जेट तक उड़ान भर सकेंगे। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी यहां लगातार अपनी ताकत बढ़ाने की कोशिश कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार तो चीन ने पीएलए से लगे एयरफील्ड को और चौड़ा कर लिया है। इसके जरिए चीन की भारत के ऑपरेशन को काउंटर करने की मंशा है।

**सड़कें चौड़ी कीं, वेदरप्रूफ कैंप बनाए:** तस्वीरों से साफ है कि चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास सड़कें चौड़ी की हैं। अक्साई चिन में बनी सड़कें भी चौड़ी की हैं। इसके अलावा आउटपोस्ट, मॉडर्न वेदरप्रूफ कैंप जहां पार्किंग की सुविधा दी गई है, सोलर पैनल भी बना लिए हैं दिपसांग इलाके में भी चीनी गतिविधियां जारी हैं।



# खड़गे ने रेल हादसे की जांच सीबीआई को सौंपे जाने पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली: कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर ओडिशा में हुई रेल दुर्घटना की जांच सीबीआई को सौंपे जाने पर सवाल खड़े किए हैं। अध्यक्ष ने पत्र में लिखा है कि सरकार जवाबदेही तय करने के किसी भी प्रयास को नाकाम करने और लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री और रेल मंत्री को स्वीकार करना चाहिए की समस्याएं मौजूद हैं। रेल मंत्री यह दावा करते हैं कि दुर्घटना का असली कारण तलाश लिया गया है। फिर भी उन्होंने सीबीआई से जांच कराने का अनुरोध किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने वास्तविक कारणों का सामने लाने की मांग की। उन्होंने लिखा, ह्लओडिशा की इस रेल दुर्घटना ने हम सबकी आंखें खोल दी हैं। रेल मंत्री और एनडीए सरकार के सुरक्षा के तमाम दावों की पोल खुल गयी है। आम मुसाफिरों में इस दशा को लेकर काफी चिंता है। इस नाते इस दुर्घटना की सभी पहलुओं पर जांच करके वास्तविक कारणों को प्रकाश में लाया जाये।



## खबर संक्षेप

### जहरखुरानी के दो वांछित अभियुक्तों को भेजा जेल

**जारी।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त यमुनानगर सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा के पर्वेक्षण में उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार यादव जारी पुलिस चौकी क्राइम ब्रांच यमुनानगर पुलिस टीम द्वारा कौंधियारा थाना अंतर्गत जहरखुरानी के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल उमेश कुशवाहा उम्र 20 वर्ष पुत्र रामकरन कुशवाहा निवासी दगवां थाना कौंधियारा सुधीर केसरवानी उम्र 23 वर्ष पुत्र राजू केसरवानी निवासी जारी गांव थाना कौंधियारा अभियुक्त गणों के कब्जे से चोरी किए गए मोबाइल फोन व नगदी बरामद कर अभियुक्त गण को नियमानुसार माननीय न्यायालय भेजा गया।

### खाते से उड़ाए 27 हजार रुपये थाने में गई दी तहरीर

**मऊआइमा।** मऊआइमा में साइबर अपराधियों ने एक खातेधारक के खाते से 27 हजार रुपये उडा दिए। भुक्तभोगी ने थाने में अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ तहरीर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम घना का पूरा घीनपुर निवासी ओमप्रकाश पुत्र कन्हैयालाल का कहना है कि वह अस्पताल में नम्बर लेने के लिए दस रुपये ऑन लाइन गूगल से पे किया। दूसरे दिन उसके खाते से साइबर अपराधियों ने 27 हजार रुपये उडा दिए।भुक्तभोगी ओमप्रकाश ने मऊआइमा थाने में अज्ञात साइब अपराधियों के खिलाफ तहरीर दी है।

# डीएम ने ग्राम पंचायत-कुल्हडिया कौंधियारा में बनाए गए गोवंश आश्रय स्थल का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**



**जारी।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने सोमवार को ग्राम पंचायत-कुल्हडिया, कौंधियारा में बनाए गए गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने वहां पर दुधारू गायों को उनके बच्चों के साथ अलग शेल्टर मे रखने के लिए कहा है। उन्होंने वहां पर गोवंश के लिए हरे चारे, भूसा-चारा की जानकारी ली तथा कितनी जमीन में हरा चारा के लिए बुवाई की गई है जानकारी ली तथा खेत को भी देखा है। उन्होंने वहां पर बनाई जा रहे वर्मी कंपोस्ट खाद को देखते हुए उसके उपयोग करने के लिए निर्देश दिया है। उन्होंने वहां पर ग्राम प्रधान व सचिव से गोवंश के लिए भूसे की उपलब्धता, छाया, पानी आदि की जानकारी ली। उन्होंने वहां पर गोवंशों को गुड़ व केला खिलाया तथा परिसर में बरगद के पौधे को रोपा। इस अवसर पर परियोजना निदेशक ए0के मौर्या, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उप निदेशक कृषि श्री विनोद कुमार, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 15 दिन के अंदर शंकरगढ़ के नवागत ईओ ने दिया इस्तीफा



**शंकरगढ़।** लंबे समय बाद नगर पंचायत शंकरगढ़ को एक स्थाई अधिशाषी अधिकारी मिला था, लेकिन महज 15 दिन के अंदर ही ईओ ने अपना इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने के पीछे ईओ नवनीत कुमार ने व्यक्तिगत कारण का जिक्र किया है। हालांकि बताया जा रहा है कि ईओ नवनीत कुमार का अन्यत्र चयन हो गया है। ईओ नवनीत कुमार ने नगर निकाय चुनाव के दरम्यान ही नगर पंचायत शंकरगढ़ में 25 मई, 2023 को कार्यभार ग्रहण किया था। उस दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूबे की कई नगर पंचायतों में अधिशाषी अधिकारियों की नियुक्ति पर बधाई दी थी। 25 मई, 2023 को ईओ नवनीत कुमार के कार्यभार संभालने के बाद से नगर पंचायत वासियों को यह लगा था कि अब उन्हे छोटे-छोटे कार्यों के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा, लेकिन महज 15 दिन के भीतर ही ईओ नवनीत कुमार ने अपना इस्तीफा दे दिया। ईओ नवनीत कुमार ने सोमवार को अपना इस्तीफा नगर पंचायत शंकरगढ़ के चेयरमैन को दिया। इस्तीफे की कापी सचिवालय (निदेशक) को भेजी जाएगी। नगर पंचायत शंकरगढ़ में ईओ की कुर्सी लंबे समय से खामहजली चल रही है। कुछ समय तक यहां पर नगर पंचायत सिरसा के ईओ को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया था। जबकि इसके पूर्व में नगर पंचायत लालगोपालगंज (गंगापार) के ईओ को संबद्ध किया गया था। एक ईओ के ऊपर दो-दो नगर पंचायतों का कार्यभार होने के कारण विकास कार्यों में काफी रुकावट आती है और नियमित कार्य भी पिछड़ते चले जाते हैं। स्थानीय लोग भी नियमित ईओ के न होने का खामियाजा भुगतते हैं। नगर पंचायत शंकरगढ़ में नवागत ईओ के इस्तीफे की चर्चा पिछले तीन-चार दिन से चल रही थी,लेकिन कोई भी आश्वस्त नहीं था। पर, आज ईओ के द्वारा अपना इस्तीफा दे दिए जाने से इस पर मुहर लग गई। नगर पंचायत अध्यक्ष पार्वती कोटार्य के शपथ ग्रहण समारोह के बाद ही ईओ नवनीत कुमार छुट्टी पर चले गए थे। इसके बाद आज वह कार्यालय पहुंचे और अपना इस्तीफा सौंपा।

## न्यूज झरोखा

### कोराव के भलुहा ग्राम सभा में विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



**कोराव।** ग्राम पंचायत भलुहा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लपरी नदी जीर्णोद्धार योजना के तहत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय रोजगार मिशन अंतर्गत कार्यक्रम का संपादन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज गौरव कुमार विधायक कोरांव राजमणि कोल , ब्लॉक प्रमुख कोरांव मुकेश कोल, डिप्टी कलेक्टर मनरेगा प्रयागराज , एडीओ आईएसबी रामेश्वर सिंह , ग्राम प्रधान भलुहा प्रतिनिधि राजू सिंह , ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बहियारी सजंय सिंह ,ग्राम विकास अधिकारी अनीता सिंह ,सुधीर जयशेखर , जंग बहादुर बबुआन द्विवेदी , शिवाकांत पांडेय 'बाबा ', उत्तम द्विवेदी , रविशंकर द्विवेदी सहित कई ग्राम पंचायती विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण , कई ग्राम प्रधानगण , स्वयं सहायता समूह की महिलाओं सहित तमाम ग्रामीणों की उपस्थिति रही। संचालन राष्ट्रवादी कवि बबलू सिंह बहियारी द्वारा किया गया।

### केंद्र सरकार के 9 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रबुद्ध एवं बौद्धिक वर्ग की संगोष्ठी का हुआ अयोजन



**नैनी।** नैनी यमुनापार विकास मंच के अध्यक्ष और ज्योतिष के प्रकांड विद्वान आचार्य हरिकृष्ण शुक्ल के मार्गदर्शन में प्रबुद्ध एवं बौद्धिक वर्ग की एक संगोष्ठी का अयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रयागराज के मेयर उमेशचंद्र गणेश केशरवानी रहे। मुख्य वक्ता यमुनापार विकास अभियान के अध्यक्ष आचार्य हरिकृष्ण शुक्ल ने कहा कि जिन चीजों का हमारा देश 2014 के पहले आयात करता था लेकिन 2014 के बाद इन नौ सालों में हम उन्ही चीजों को यहां बना रहे हैं और निर्यात भी कर रहें हैं। इस अवसर पर प्रयागराज के मेयर और कार्यक्रम के मुख्य अथिति उमेश चंद्र गणेश केशरवानी ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकप्रिय मुख्यमंत्री योग आदित्य नाथ के निर्देशन में देश और प्रदेश विकास की उचाइयां छू रहा है मुख्य अतिथि गणेश केसरवानी ने कहा कि गुरु जी आचार्य हरिकृष्ण शुक्ल का मार्ग दर्शन मिलता रहता है और उनके यमुनापार विकास अभियान का संकल्प वास्तव में सराहनीय है और इसमें नगर निगम के स्तर पर जो सहयोग होगा वो दिया जाएगा। संयोजक विनय शुक्ल ने किया।

### महरानी की गजलां में समाज का दर्द...

**प्रयागराज।** नरेश महरानी की गजलों में समाज का लगभग प्रत्येक पहलू स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, इनकी गजलों में समाज का दर्द स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने समाज की जिन विडंबनाओं और खूबियों को देखो है, उसी को शायरी का विषय बना लिया है। यही वजह कि इनकी गजलें आज के समय में पूरी तरह से प्रासंगिक होती दिखाई देती हैं। अपनी अति व्यस्त जीवन में से कुछ समय निकालकर इन्होंने अदब को दिया है। जिसका परिणाम है कि इनका गजल संग्रह ह्यमेरी तल्खियांह्न प्रकाशित होकर समाज के सामने आ गया है। यह बात रविवार को ह्यगुफ्तगूह्न की ओर सिविल लाइंस स्थित बाल भारती स्कूल में नरेश महरानी के गजल संग्रह ह्यमेरी तल्खियांह्न के विमोचन अवसर पर छत्तीसगढ़ के पूर्व डीजीपी मोहम्मद वजीर अंसारी ने कही। श्री अंसारी ने कहा कि नरेश महरानी जैसे कलमकार आज से समय की जरूरत हैं। ऐसी किताब का समाज में स्वागत किया जाना चाहिए।सी.एम.पी. डिग्री कॉलेज में हिन्दी की विभागाध्यक्ष डॉ. सरोज सिंह ने कहा कि नरेश महरानी ने समय का बहुत अच्छा उपयोग करते हुए रचानाकर्म किया है। जिसका परिणाम है कि इनकी पुस्तक प्रकाशित होकर समाज के सामने आ गई है।

## भागवत कथा श्रवण मात्र से जीव, जन्म व मरण से हो जाता है मुक्त : कृष्णा जी महाराज

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



**मेजा।** विकास खंड उरुवा के ग्राम पंचायत अछोला के ब्राह्मणों का बास में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ।आयोजक ठाकुर प्रसाद पाण्डेय के निवास से डीजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा पास स्थित पवित्र पावनी मां गंगा जी जल लेकर कस्बे के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। कुल पुरोहित पंडित दिनेश मिश्र ने भागवत की पूजा अर्चना की और पूजन के बाद कलश की स्थापना की गई। कथा व्यास कृष्ण नंदन शास्त्री ने अपने प्रवचनों में उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत पुराण की जानकारी देते हुए कहा कि श्रीमद्भगवत कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मों का उदय होता है। कथा सुनने मात्र से जीव जन्म और मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि नारद जी ने भक्ति देवी के कष्ट की निवृत्ति के लिए श्रीमद् भागवत कथा का साप्ताहिक अनुष्ठान किया था। जहां संतकुमारों ने भागवत का प्रवचन करते हुए नारद के मन का संशय दूर किया। इसी कथा को धुंधकारी प्रेत ने अपने अग्रज से श्रवण किया और प्रेत योनि से मुक्ति पाकर विष्णु लोक को प्राप्त हुए। कथा व्यास ने कहा कि भगवत श्रवण से जीव के सभी पाप कर्म मिट जाते हैं।इसी क्रम में राजा परीक्षित जन्म और शुकागमन की कथा सुनाई।अंत में मुख्य यजमान छविराजी देवी के साथ सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान कथा वक्ता भोलानाथ पांडेय, मथुरा प्रसाद पाण्डेय,देवी प्रसाद पाण्डेय,तपेश्वरी प्रसाद पाण्डेय, राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय,महेंद्र प्रसाद पाण्डेय,केदारनाथ पाण्डेय,सुबालाल पांडेय,ओंकारनाथ पांडेय,चिंतामणि पाण्डेय,सुभाष पांडेय और मुकेश पांडेय सहित अनेक लोग मौजूद रहे।





# ज्ञान कथा के पांचवें दिन आचार्य देवव्रत ने कृष्ण लीला और गोवर्धन पूजा का किया वर्णन

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** बेदौ में चल रही ज्ञान कथा के पांचवें दिन पूज्य गुरु आचार्य संतोष जी महराज के आशीर्वाद और निर्देशन में मुख्य यजमान व कथा श्रोता श्रीमती प्रभा शुक्ला एवम डा उमा शंकर शुक्ला 7 दिवसीय श्रीमद्?भागवत के कथा वाचक बलशुक आचार्य देवव्रत महराज जी ने कृष्ण की बाल लीलाओं और

**बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रीमद्भागवत कथा में शामिल रहे**

गोवर्धन पूजा का वर्णन किया। उन्होंने गोवर्धन पूजा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार गोवर्धन पर्वत को उठाकर भगवान श्री कृष्ण ने इंद्र देव के कोप से गोकुल वासियों की रक्षा की थी। इसके अलावा श्री आचार्य ने बताया कि कैसे बाल गोपाल ने अपनी टीवी अठखेलियों से अपने बाल स्वभाव के तहत मंद-मंद मुस्कान व तुतलाती भाषा से सबका मन मोह रखा था। कथा समापन के बाद उपस्थित भक्तो को प्रसाद वितरण किया गया। उपस्थित में समस्त ग्राम वासी सहित श्री अशोक कुमार शुक्ला, सोनल शुक्ला, विनीत शुक्ला , अनिल शुक्ला , संजय शुक्ला, विनोद शुक्ला, आनंद चतुर्वेदी , कृष्ण अवतार शुक्ला, राजेश , वीरेंद्र, लालमोहन शुक्ला , मुकेश शुक्ला आदि उपस्थित थे।

# गंगा में डूबे युवकों के परिजनों को चार-चार लाख आपदा कोष से दिए जाएंगे : उपजिलाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** प्रयागराज 2 दिन से तहसील प्रशासन करछना पुलिस एवं एसडीआरएफ की टीम दोनों लड़कों के शव को ढूंढने में लगे रहे। तहसील प्रशासन के द्वारा एसडीएम करछना राजेश श्रीवास्तव ने दोनों लड़कों के परिजनों को दैवी आपदा कोष से चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि दिए जाने की घोषणा की। इस मौके पर तहसीलदार गणेश सिंह, थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह, नायब तहसीलदार यमुना प्रसाद वर्मा, उप निरीक्षक आकाश राय, उपनिरीक्षक राजकुमार त्रिवेदी सहित एसडीआरएफ और पुलिस के जवान मौजूद रहे।प्रयागराज के करछना थाना अंतर्गत डीहा गंगा घाट पर डूबे दो चचेरे भाइयों संकेत और मनदीप की लाश सोमवार शाम चार बजे के करीब घटनास्थल से तीन किलोमीटर दूर लकटहा गांव के सामने से बरामद हो गई। लाश देखकर घर परिवार के लोग छाती पीट पीट कर रोने लगे। यमुनानगर के करछना थाना अन्तर्गत चुप्पेपुर गांव निवासी ज्ञानचंद प्रजापति के दो बेटे संकेत प्रजापति (15) और शौर्य प्रजापति (13) अपने दो चचेरे भाइयों मंदीप प्रजापति (16) व सत्यदीप पुत्र राजकुमार प्रजापति के साथ डीहा गंगा घाट पर रविवार सुबह गांव के अन्य बच्चो के साथ नहाने गए थे। गंगा में स्नान करने के दौरान वह चारों गहरे पानी में डूबने लगे। घाट पर स्नान कर रहे लड़कों और ग्रामीणों ने देखा तो शोर मचाना शुरू किया। गहराई और तेज बहाव में चारों किशोर गंगा में डूब उतरा रहे थे। घाट पर मौजूद



लोग चीख चिल्ला रहे थे। इस दौरान घाट पर मौजूद लोगों ने गंगा में कूदकर शौर्य और सत्यदीप को तो बचा लिया लेकिन मनदीप और संकेत गंगा की गहराई में समा गए। दोनों किशोरों को ढूंढने के लिए लोकल गोताखोरों के साथ एसडीआरएफ की टीम लगाई गई थी। करीब 28 घंटे बाद दोनों की लाश क्षेत्र के लगता है। गांव के सामने गंगा से बरामद कर ली गई। बच्चो की लाश देखकर परिवार के लोग दहाड़ मार कर रोने लगे। घरवालों ने बताया कि मंदीप प्रजापति पूर्व माध्यमिक विद्यालय डीहा में आठवीं कक्षा का छात्र था। इस बार नौवीं में गया था। संकेत भी उसी के साथ पढ़ता था। उसके पिता पचदेवरा बाजार में फोटोस्टेट की दुकान चलाते हैं। वह चार भाइयों में तीसरे नंबर का है। ग्रामीणों ने बताया कि संकेत के पिता खेती किसानी करते हैं वह तीन भाइयों में बड़ा है।

# नेहरू युवा केन्द्र एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो के नेतृत्व में मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार के दो विभागों नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज व केंद्रीय संचार ब्यूरो तथा वन विभाग प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय आई टी आई नैनी में मिशन लाइफ तथा पर्यावरण दिवस के अंतर्गत क्विज, संगोष्ठी, भाषण, मिशन लाइफ शपथ, नुक्कड़ नाटक पौधारोपण, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पूरे कार्यक्रम की थीम प्लास्टिक पॉल्यूशन की समस्या का हल रही। इस कार्यक्रम का शुभारंभ वन विभाग के प्रभागीय निदेशक श्री महावीर कौजलगी ने दीप प्रज्वलन कर किया तथा युवाओं को मिशन लाइफ की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज की जिला युवा अधिकारी जागृति पाण्डेय, जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह, केंद्रीय संचार ब्यूरो से क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी एवं सेवानिवृत्त निदेशक सुनील शुक्ल, लेखाकार, राम मूरत , वन विभाग के एस डी ओ, आई टी आई के प्रधानाचार्य , उप प्रधानाचार्य मौजूद रहे।




कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज की तरफ से पेटिंग प्रतियोगिता, मोटे अनाजों की प्रदर्शनी लगवाई गई नेहरू युवा केंद्र के स्वयं सेवकों की बढ़ चढ़ के सहभागिता रही। प्रबंधन में चाका के निर्मल, रितिका का सहयोग रहा। रितिका श्रीवास्तव ने कार्यक्रम मंच संचालन किया। राम मूरत ने क्विज प्रतियोगिता का संचालन किया। वन विभाग की तरफ से लगभग 100 पौधों को उपलब्ध कराया गया तथा प्रांगण में रोपित पौधों को प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा ट्री गार्ड उपलब्ध कराके सुरक्षित किया गया। इसके अतिरिक्त नुक्कड़ नाटक अभिनय संस्थान से नुक्कड़ नाटक की टीम द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु मनमोहक तरीके से प्रस्तुति कर जागरूक किया। भाषण, पेंटिंग, क्विज आदि के विजेताओं को पुरस्कृत कर प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महावीर कौजलगी ने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण हेतु सरकार द्वारा की जा रही पहल में बढ़ चढ़ कर उत्साह से हिस्सा लेने को कहा।

## मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस समारोह किया पौधरोपण



**करछना।** विश्व पर्यावरण दिवस पर 508आर्मी बेस सीओडी छिवकी नैनी प्रयागराज में पर्यावरण दिवस समारोह आयोजित किया गया जिसमे 508आर्मी बेस छिवकी के ब्रिगेडियर श्री प्रदीप गोडारा कमांडेंट वा यम 0डी 0कर्नल श्री देवा आशीष सिन्हाकर्नल एम 0पी 0सिंह लेफ्टिनेंट कर्नल विकास खरे, रोहित कटियार एवं वन विभाग के प्रभागीय निदेशक श्री महावीर कौजलगी आईएफएस वा अप प्रभागीय वनाधिकारी श्री कुंज मोहन बर्मा पीएमएस एवम वन क्षेत्रीय अधिकारी श्री रजनीश कुमार श्रीवस्तव ,दिलीप कुमार बाजपेई वन दरोगा करछना सेक्सन ,सुमित कुमार वन दरोगा राम प्रताप वन दरोगा, श्याम प्रकाश तिवारी वन रक्षक एवम करछना रेंज के स्टॉप द्वारा पौध रोपण कर मनाया गया।

## करछना विकास खंड के विभिन्न स्थलों पर किया गया पौधरोपण



**करछना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर करछना तहसील के अंतर्गत विभिन्न गांवों में समाजसेवियों प्रधानों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया गया इस अवसर पर विकासखंड करछना के ग्राम पंचायत डीहा में पूर्व प्रधान लल्लन यादव समाजसेवी अंकित यादव प्रधान हथसरा शिव गणेश पटेल प्रधान महोरी रीवा राजकुमार पटेल प्रधान बरांव बजरंगी प्रधान खजूरी परमानंद मौर्य प्रधान चनैनी धीतेश तिवारी प्रधान हंसराज सिंह पूरा घीसन प्रधान रामगढ़ कृष्णावती शुक्ला सहित विभिन्न गांवो में प्रधानों एवं सचिवों द्वारा वृहद पैमाने पर विश्व पर्यावरण दिवस पर पंचायत भवनों व ग्राम सभा की खाली पड़ी जमीनों व स्कूल प्रांगण में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को हरा-भरा बनाए जाने के लिए अहम भूमिका निभाई इस अवसर पर प्रधानों ने गांव में हरियाली के लिए बेहतरीन पौधरोपण करके प्रदर्शन किया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर अल्ट्राटेक ने रोपे 1500 पौधे



**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके अल्ट्राटेक बारा परिसर में पर्यावरण जागरुकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्लांट के अधिकारियों व कर्मचारियों ने एक साथ मिलकर 1500 पौधे लगाए। मियाबाकी विधि से रोपे गए इन पौधों के संरक्षण की शपथ लेते हुए सभी को नियमित रूप से पर्यावरण संरक्षण का कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। इकाई प्रमुख अमिताभ अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण के बिना जीवन की कल्पना असंभव है। इसलिए हम सभी को खुद के लिए और आने वाली पीढ़ी के लिए प्रकृति का संरक्षण करें। अपने आसपास पौधे लगाएं। जल का संरक्षण करें। सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल किसी भी सूरत में नहीं करना चाहिए। इस धरा को हराभरा बनाए रखने के लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करना होगा। पौधरोपण का कार्य परिसर के अंदर 1500 वर्गमीटर के दायरे में किया गया। इस मौके पर एचआर हेड संजय सिंह, पर्यावरण अधिकारी गोपीकिशन तिवारी समेत तमाम अधिकारीव कर्मचारी मौजूद रहे।

## मऊआइमा नगर पंचायत द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर निकाली गई रैली

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बे में विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पंचायत मऊआइमा द्वारा निकाली गयी रैली।इस अवसर पर सभी कस्बा वासियो को जागरूक किया गया। मऊआइमा कस्बे में नगर पंचायत कार्यालय द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर अधिशासी अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कस्बा के विभिन्न वार्डों में रैली निकाली गई। तथा सभी को प्रर्यावरण के बारे में बताया गया कि वृक्षारोपण लगा कर प्रयार्यावरण को संतुलित किया जा सकता है। रैली में कम्प्यूटर ऑपरेटर आशीष कपूर ,मोहम्मद आजम ,शिव कुमार ,रखसान आरिफ, वलीद अंसारी ,जमील उद्दीन ,कुल्लू ,जेबी, इनायत उल्ला आदि मौजूद थे। उसके बाद नगर पंचायत अध्यक्ष शोएब अंसारी तथा सदस्यों ने प्रयार्यावरण बचाने के लिए शपथ ली। इस अवसर पर बीडीओ कांफ्रेंसिंग के जरिए सी एम के संकल्पों को लिए। तथा यह प्रतिज्ञा किए कि पर्यावरण को बचाने के लिए अपने




दैनिक जीवन में हर संभव बदलाव लाऊंगा। बताया गया कि पर्यावरण को बचाने के लिए सबसे अच्छा कार्य घर का हर सदस्य वृक्षारोपण करें।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर शुआट्स में पौधारोपण

**नैनी।** शुआट्स के इलाहाबाद स्कूल ऑफ एजुकेशन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया गया। एसोसिएट डीन डॉ सामला मसीह ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, ग्लोबल वॉर्मिंग, पेड़ पौधों की कमी के मद्देनजर विश्व पर्यावरण दिवस की शुरूआत की गई थी, जिसका मूल उद्देश्य जनता को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक और सजग बनाना है। प्रकृति के संरक्षण हेतु हम सभी को पौधारोपण करके अपना सहयोग देना चाहिए। इस अवसर पर डा कीर्ति कटिंग, डा प्रेम प्रभा, डा ज्योत्सना, डा निहारिका डेनिस, डा सारा अजीज, डा अनुपमा मेहता, डा एविस चिंतामणि, डा प्रेम प्रभा सिंह, डा संगीता अल्फ्रेड, डा प्रक्षोभ, पूजा सोनपाकर, डा चेतना पांडे, डा राजीव आदि उपस्थित रहे।

# पूरे शहर को हरा-भरा बनाने का संकल्पः हरिप्रताप

### विश्व पर्यावरण दिवस पर नपाध्यक्ष ने किया वृक्षारोपण


पर्यावरण संरक्षण को लेकर रैली निकालते नपाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका परिसर व शहीद उद्यान (कम्पनी गार्डेन) में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण करते हुए नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने कहा कि वृक्ष हमें जीवनदायिनी आक्सीजन देते हैं इसलिये पूरे शहर में वर्षा शुरू होते ही भारी मात्र में वृक्षारोपण कर पूरे शहर को हरा-भरा बनाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण सुरक्षा की शपथ भी दिलाई। इस दौरान नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने पर्यावरण दिवस के मौके पर शहर में पर्यावरण संरक्षण के लिये रैली निकाली।आज नगर पालिका में 15 व कम्पनी गार्डेन में 50 फलदार, बागवानी के तथा पुष्पों के पौधे लगाये गये। नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने इन पौधों की नियमित सिंचाई कर कहा कि इन सभी को सुरक्षित किया जाए और जुलाई में पूरे शहर में अभियान चलाकर वृक्षारोपण किया जाए। आज कटहल, आम, जामुन, बादाम, कामिनी तथा कई पुष्पों के पौधे लगाये गये।

पौधरोपण कार्यक्रम में सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, आरआई लाल बहादुर सिंह व राजेष बिंद, स्वच्छ भारत मिषन के डीसी आषीष मिश्र, मिथिलेष सिंह सहित अनेक कर्मचारी के अलावा सभासदों में आषीष जायसवाल, कुमकुम केसरवानी, विनोद रजत, सुनील दुबे, उदयषंकर मिश्र, विभा मौर्या, बसंत लाल आदि रहे। इसके पहले हरिप्रताप सिंह ने सभी को वृक्षारोपण व पर्यावरण सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस दौरान नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने पर्यावरण दिवस के मौके पर शहर में पर्यावरण संरक्षण के लिये रैली निकाली। इस दौरान हरिप्रताप सिंह ने लोगों को वृक्षारोपण के प्रति जागरुक भी किया।

## धूमधाम से मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

अखंड भारत संदेश



बहुगुणा पीजी कालेज में पौधरोपण करते प्राचार्य शैलेन्द्र मिश्र।

**प्रतापगढ़।** हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज प्रतापगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा कार्यक्रमाधिकारी के निर्देशन में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। स्वयंसेवकों सहित महाविद्यालय परिवार ने पर्यावरण शपथ ली। स्वयंसेवकों ने पर्यावरण रैली निकाल कर सबको प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र मिश्र ने पौधरोपण कर सन्देश दिया कि पर्यावरण बचाना है तो बृक्ष को लगाना है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों सहित महाविद्यालय परिवार ने पौध रोपण किया।

## नगर अध्यक्ष ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पर्यावरण दिवस पर पट्टी नगर के नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल में अपने समर्थकों के साथ पट्टी नगर के विभिन्न स्थानों पर पौधा रोपण करते हुए पर्यावरण का संदेश दिया और नगर वासियों को भी पर्यावरण के प्रति सजग रहते हुए वृक्षारोपण पर पर्यावरण का संदेश दिया। पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को वह पति नगर के विभिन्न स्थानों पर नजर कार्यालय भरत सिंह इंटर कॉलेज तथा अन्य स्थानों पर पौधारोपण किया। इस दौरान लोगो को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा करके ही राष्ट्र और मानव समाज को बचाया जा सकता है हम सभी को वृक्ष लगाकर उसे बचाने का संकल्प करते हुए अपने आसपास साफ-सफाई तथा प्लास्टिक बंद करना चाहिए। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह, वन रेंजर सुरेंद्र तिवारी, ईओ मनोज प्रियदर्शी, सहज सारथी फाउंडेशन अध्यक्षा आशा जायसवाल, रमेशचंद्र सोनी, अक्षत जायसवाल, शिवम सिंह एवं पट्टी नगर के सभी सम्मानित सभासद मौजूद रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस की रैली में शामिल हुए बीडीओ कालाकांकर

अखंड भारत संदेश


रैली में शामिल बीडीओ कालाकांकर।

**परियावां, प्रतापगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकास खण्ड कालाकांकर के खण्ड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार श्रीवास्तव व सहायक विकास अधिकारी पंचायत संतोष कुमार शुक्ला पर्यावरण संरक्षण हेतु रैली निकाली जिसमे लोगो को पर्यावरण बचाओ जीवन बचाओ का संदेश देते हुए कहा कि शुद्ध एव ताजी हवा पाने के लिए अपने आस पास खाली जगहों मे पेड़ लगाए और अपने परिवार कि तरह समय समय पर सेवा करते रहे विश्व पर्यावरण के कार्यक्रम मे यूनिक समाज सेवा संस्थान के पदाधिकारी व सदस्यों ने जागरूकता रैली निकाली जो आलापुर, नवाबगंज, हरदेवनगर, तुलसी का पुरवा, कालाकांकर, परियावां, होते हुए वापस ब्लाक मुख्यालय पहुंची जिसमे आस पास के लोग भी शामिल रहे जिसमे मुख्य रूप से ब्लाक मुख्यालय के ग्राम पंचायत सचिव रविशंकर सोनकर,आफताब अहमद,ब्यास कुमार मौर्य, श्रीराम, अनुराग यादव, सुशील कुमार जायसवाल, प्रभांशु पांडे, अभिषेक शुक्ला, उर्मिला, शशिकान्त सिंह, रामप्रताप यादव, लवलेश कुमार, राहुल, डा0 रामप्रताप, विनोद नवल किशोर, शुक्ला, धीरेन्द्र, आदि लोग शामिल रहे।

## एनसीसी कैडेड् ने की गंगा घाट की साफ सफाई

**परियावां, प्रतापगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस पर मदन मोहन स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालाकांकर में सोमवार को कालेज के एन सी सी कैडेट्स एव विद्यार्थियों ने एनसीसी ऑफिसर डा0 ज्योति गुप्ता के नेतृत्व मे कालाकांकर गंगाघाट तक स्कूल से रैली निकाली, जहां कैडेट्स व छात्रों ने गगातट किनारे साफ सफाई किया। कालेज के प्राचार्य डा0 शिवम श्रीवास्तव ने शिक्षकों एवं विद्याथियों को पर्यावरण दिवस पर एक वृक्ष अवश्य लगाने की शपथ दिलाई और गांव मे सभी को वृक्षारोपण हेतु लोगो को प्रेरित करे। इस मौके पर प्रो0 सूर्यभान सिंह, प्रो0 रामकरन, डा0 डीसी आनंद, सर्वेश कुमार सिंह अनिल कुमार सिंह,अफसार अहमद, अब्दुल रज्जाक, उदय सिंह,रूपेंद्र कुमार, विजय कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## ई रिक्शा व कार की आमने सामने भिड़न्त मे तीन घायल, महिला रेफर

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कंदुई गांव मोड़ के पास सोमवार की शाम लगभग चार बजे मानिकपुर से लवाना भवानीगंज अपने घर ई रिक्शा मे बैठकर जा रही थी कि ई रिक्शा की सामने से आ रही कार से जोरदार भिड़न्त हो जाने से ई रिक्शा मे बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई उधर टक्कर मारने के बाद कार चालक फरार हो गया जिसका नवाबगंज पुलिस पता लगा रही है।

घटना की जानकारी मिलते ही नवाबगंज उप निरीक्षक अमित सिंह अपने दल बल के साथ मौके पर पहुँचे और खुन से लथपथ महिला व ई रिक्शा चालक को सीएचसी कालाकांकर ले गये जहा गंभीर रूप से घायल महिला सकीरा बानो पत्नी मो0 शमी (60) वर्षीय को चिकित्सकों ने प्रयागराज स्वरूप रानी के लिए रिफर कर दिया जिसे इम्बुलेंस से भेज दिया गया। ई रिक्शा चालक कुसुवापुर निवासी चालक संदीप पुत्र मुन्नालाल (30) वर्षीय व खलासी असलम मो0 पुत्र कल्लू (18) वर्षीय कुसुवापुर निवासी का उपचार चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही गंभीर रूप से घायल सकीरा बानो के दोनो पुत्र सरताज व बउवा मौके पर अस्पताल पहुंच गये।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना जेठवारा के उ0नि0 अरूण कुमार मौर्य मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 103/2023 धारा 498ए, 304बी, 323, 504 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट से संबंधित 01 अभियुक्त अजय तिवारी पुत्र गौरी शंकर तिवारी निवासी सण्डवाखास तिवारी का पुरवा, थाना जेठवारा, जनपद प्रतापगढ़ को क्षेत्रान्तर्गत रेडी नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

### जमीनी विवाद में महिला को पड़ोसी कर रहे परेशान

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत अरैला गांव की रहने वाली रेहाना पत्नी रोजई ने बताया कि वह अपने जमीन पर मकान निर्माण कर रही है, लेकिन पड़ोसी अपने दबंगई के बल पर महिला को मकान निर्माण करने में बाधा डाल रहे हैं जबकि मामले में महिला के तहसीलदार से शिकायत के बाद तहसीलदार ने को शांति व्यवस्था स्थापित करने के लिए मौके पर पहुंचकर जांच के लिए कहा था, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद पुलिस वहां नहीं पहुंची जिससे इस बात की चर्चा है कि आखिर जब प्रशासनिक अधिकारियों के आदेश के बाद कोई पुलिसकर्मी जांच के लिए नही पहुंचा तो भला इंसाफ कैसे मिल सकता है।

## केन्द्र सरकार की योजनाओं से देश की बदली तकदीरः आदित्य

### अफीम कोठी सभागार में राज्यसभा सांसद ने की प्रेसवार्ता

अखंड भारत संदेश


प्रेसवार्ता में बोलते राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद।

**प्रतापगढ़।** विगत 9 वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में देश में जो कार्य हुआ है, उससे सिर्फ देश कि तस्वीर ही नही, बल्कि देश कि तकदीर भी बदल गई है। यह बातें अफीम कोठी सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश महामंत्री/सांसद राज्यसभा झारखण्ड आदित्य प्रसाद ने कही।

उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में कहा जाता था कि केन्द्र से हम एक रुपया भेजते हैं तो वह गरीबों तक सिर्फ 15 पैसा ही पहुंचता है जबकि इन नौ वर्षो में गरीब कल्याण के लिए दिल्ली से चला एक रूपया गरीब तक बिना किसी कटौती के गरीब के खाते में पहुंचता है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में सबको राशन पानी की व्यवस्था के साथ साथ सरकार के द्वारा निशुल्क 240 करोड़ वैक्सीन डोज लोगों को लगाया गया। 3 करोड़ 50 लाख परिवारों में शौचालय बना। बेटियों के जन्म से लेकर पढ़ाई तक 11 करोड़ 72 लाख परिवारों को विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया गया। करोड़ों गरीबों को आयुष्मान कार्ड मिला। 9 करोड़ 60 लाख परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन मिला। इस दौरान सांसद संगमलाल गुप्ता ने कहा कि सरकार की सर्वांगीण विकास की सोच का परिणाम है कि आज आजादी के 70 साल बाद प्रतापगढ़ जैसी जगह पर भी मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराए जाने में हम सफल हो। राजेन्द्र मौर्य सदर विधायक ने कहा कि आज बड़े पैमाने पर प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के कायाकल्प योजना में दुरुस्तीकरण कराने के साथ साथ नये भवनों का निर्माण कराया गया। जिलाध्यक्ष हरि ओम मिश्र ने कहा कि संगठन की ओर से चलाये जाने वाले सभी कार्यक्रमो की तैयारी हो चुकी है सभी कार्यकर्ता मोदी जी को दुबारा प्रधानमंत्री बनाने के लिये उत्साहित है जब भी चुनाव होंगे भाजपा पुनः बहुमत की सरकार बनायेगी। इस मौके पर शिवप्रकाश मिश्र सेनानी, अशोक मिश्रा, राघवेन्द्र शुक्ल और सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## युवा और बच्चे ही देश के भविष्यः सांसद

### ग्राम प्रवास के तहत सण्डवा चण्डिका में सुनी समस्याएं

अखंड भारत संदेश



स्कूल चलो अभियान के तहत मौजूद सांसद संगम लाल गुप्ता।

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय महामंत्री ओबीसी मोर्चा व सांसद संगम लाल गुप्ता ने अपने 31 दिवसीय ग्राम प्रवास के क्रम में प्राथमिक विद्यालय आधारपुर, सण्डवा चण्डिका के स्कूल चलो अभियान में बोलते हुये कहा कि युवा और बच्चे ही देश के भविष्य हैं, इसलिये पूरी सजगता के साथ बच्चों में सांस्कार और शिक्षा हमारी प्राथमिकता में शामिल होना चाहिये।उन्होंने कहा कि जहां एक ओर प्राथमिक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हमारी प्राथमिकता में है तो दूसरी ओर संस्कारयुक्त ब्यवहार और आधुनिक दौर की तकनीकी शिक्षा की ओर भी बच्चों को पारंगत कर उन्हें दुनिया की प्रतिस्पर्धा में अग्रणी भूमिका के लिये तैयार करना हमारा दायित्व है।

सांसद ने रात्रि प्रवास के दौरान बलिराम चमार के यहां अचानक पहुंचकर भोजन बनवाकर खाया और उसके दिब्यांग बेटे के इलाज, चक्रवात के कारण क्षतिग्रस्त हुये मकान के लिये दैवी आपदा की सहायता एवं आवास हेतु यसडीयम सदर को निर्देशित करते हुये उसकी बीमार बेटी का दिल्ली में निःशुल्क इलाज व पठन पाठन की ब्यवस्था का आश्वासन भी दिया। प्रवास के दौरान शैलेन्द्र वर्मा एसडीयम सदर, राम विलास उमरवैश्य मण्डल अध्यक्ष भाजपा, बीडीओ अपर्णा सैनी, खण्ड शिक्षाधिकारी संडवा चण्डिका, देशराज सिंह, विवेक उपाध्याय, गड़डू सिंह, उमेश द्विवेदी, अभिषेक पाण्डेय, संजय पाण्डेय, सुरेश गुप्ता, एसडीओ विद्युत संदीप सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## सत्ताईस प्रतिबंधित गोवंश कराये गये मुक्त, गंभीर धाराओं मे केस

### पुलिस ने एक आरोपी को भेजा जेल, सीओ ने की सराहना

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने गोवंश तस्करी के एक बड़े गैंग का पदार्फाश करते हुए सत्ताईस गोवंश को मुक्त कराने मे बडी सफलता हासिल की है। लालगंज कोतवाल कमलेश पाल के निर्देशन में रानीगंज कैथौला चैकी इंचार्ज योगेन्द्र सिंह रविवार की रात चैकी क्षेत्र मे गश्त पर निकले थे।

कोतवाल कमलेश को कहीं से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र में विरसिंहपुर की एक बाग में ट्रक पर बडी संख्या मे गोवंश लादे जा रहे हैं। आधी रात चैकी इंचार्ज ने फोर्स के साथ बाग में दबिश दी तो पुलिस को देख वहां भगदड मच गयी। पुलिस ने एक आरोपी को दबोचते हुए ट्रक की घेराबंदी कर ली। हालांकि ट्रक चालक व एक आरोपी बाग में रात का फायदा उठाते निकल भागे। मौके पर ट्रक मे पन्द्रह गोवंश रस्सी से बंधे लदे पाये गये। बारह गोवंश नीचे मिले। पुलिस ने सभी सत्ताईस गोवंश को मुक्त कराते हुए गोशाला भेजवाया। वहीं पकड़े गये आरोपी लालगंज थाना के गोविन्दपुर निवासी ननकू यादव के पुत्र कल्लू यादव को पुलिस ने हिरासत मे ले लिया। पुलिस ने डीसीएम को भी कब्जे मे लेते हुए उसे मुकदमें मे दाखिल किया है। चैकी इंचार्ज की तहरीर पर आरोपियो के खिलाफ गोवंश निवारण अधिनियम तथा पशु क्रूरता अधिनियम को लेकर गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया गया है। सोमवार को आरोपी कल्लू यादव को पुलिस ने जेल भेज दिया। जानकारी मिलने पर टेज्नी सीओ अमृत जैन कोतवाली पहुंचे और पुलिस की कामयाबी की सराहना की।

## पतंजलि योग समिति की बैठक सम्पन्न, अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया गया मंथन

### संगठन का हुआ विस्तार, नए पदाधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी,

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए तैयारियों के लिए पतंजलि योग समिति बैठक का आयोजन प्रतापगढ़ जिला कार्यालय पर किया गया, जिसमें नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। वहीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए मंथन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के संयोजक पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी गोविंद खंडेलवाल ने मौजूद लोगों का स्वागत किया उसके बाद हरिद्वार से आये भारत स्वाभिमान के राज्य प्रभारी पूर्वी भगवान दास ने मौजूद योगी साधकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

हरिद्वार से आई पुण्या देवी, देवप्रिया तथा बंदना ने भी लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए संबोधित किया। पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी दुर्गेश ने बताया कि 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण 9 जून से प्रारंभ होगा। वही संगठन का विस्तार करते हुए भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला संरक्षक किशोर के देहांत होने पर उनके स्थान पर डॉ राजेश कुमार सिंह को जिम्मेदारी दी गई पतंजलि किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी कमलेश जी के स्थान पर कृष्ण कुमार को पतंजलि किसान सेवा समिति का प्रभारी बनाया गया और कमलेश जी को संरक्षक का पद दिया गया। भारत स्वाभिमान का महामंत्री श्रद्धा को तथा अनामिका को बनाया गया। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट श्यामनरायण की जगह भूपेंद्र जी को प्रभारी बनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यालय प्रभारी अंजनी कुमार, कोषाध्यक्ष डी एन चड्ढा राजेश जी राकेश जी प्रवीण जी अरविंद बृजेश सहित अन्य योगी साधक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के संयोजक गोविंद खंडेलवाल ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश योगी ने किया।

> संगठन का विस्तार करते हुए भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला संरक्षक किशोर के देहांत होने पर उनके स्थान पर डॉ राजेश कुमार सिंह को जिम्मेदारी दी गई

### अन्र्तजनपदीय फुटबाल प्रतियोगिता में प्रतापगढ़ ब्वॉयज टीम को मिला विजेता खिताब

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के रामअंजोर मिश्र इण्टर कालेज के मैदान में हुई अन्र्तजनपदीय फुटबाल प्रतियोगिता मे प्रतापगढ़ ब्वॉयज टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया। टीम ने उप विजेता प्रतापगढ़ अग्रसर स्पोर्टिंग क्लब को तीन 3-2 से पराजित किया।

रविवार की देर शाम प्रतियोगिता के समापन समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी ने विजेता एवं उप विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। समापन मैच में बड़ी संख्या में मौजूद दर्शकों ने रोमांचक मुकाबले को लेकर दोनों टीमों का जमकर उत्साहवर्धन किया। दोनों टीमें एक एक गोल करके बराबरी पर पहुंची। इसके बाद पेनाल्टी शूटआउट में प्रतापगढ़ ब्वायज टीम ने 3-2 से मैच जीत लिया। मैच में अग्रसर स्पोर्टिंग क्लब के खिलाडी सुफेल का आखिरी समय में गोल करना दर्शकों मे रोमांच भर गया।

## बालासोर रेल दुर्घटना में रेल मंत्री दे इस्तीफाः डा0 लालजी

### रेल दुर्घटना में मृतकों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश


रेल दुर्घटना में मृतकों को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी।

**प्रतापगढ़।** बालासोर (उड़ीसा) में हुई रेल दुर्घटना से हम सभी कांग्रेस जन मर्माहत हैं, और दुर्घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देकर ईश्वर से मृतकों की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करते हैं। दुर्घटना में घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

उक्त बातें आज यहां अम्बेडकर चैराहे पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मोमबत्ती जलाकर शोक व्यक्त करने के दौरान जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने कहीं। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। ज्ञात हो कि आज यहां जिलाध्यक्ष डॉ0लालजी त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने दुर्घटना में मारे गए लोगों को मोमबत्ती जलाकर श्रृद्धाञ्जली अर्पित की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ0त्रिपाठी ने कहा कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए और दुर्घटना के जिम्मेदारों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रेल मंत्री को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए त्यागपत्र दे देना चाहिए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष डा0वीके सिंह, डॉ0 नीरज त्रिपाठी, रोहित शुक्ल, डॉ0 प्रशांत देव शुक्ल, कपिल द्विवेदी, सेवादल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ल, कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, विजय शंकर तिवारी, सरोज कश्यप, प्रेम शंकर द्विवेदी, सोनी तिवारी, उत्सव भूषण, राम रतन तिवारी, संदीप तिवारी, मो0हुजेफ, सुरेश मिश्र, राम शिरोमणि वर्मा, अनिल मौर्य, मो0 आफाक, अवध राज यादव, अनुराग शुक्ल, मो0 दिलशाद, मो0 रियाज सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## मुख्य अभियंता ने किया औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रयागराज के विद्युत वितरण के मुख्य अभियन्ता के यहां औचक निरीक्षण को लेकर विभाग में हडकंप मच गया। मुख्य अभियंता विनोद कुमार गंगवार अधीक्षण अभियंता सत्यपाल के साथ अचानक लालगंज तहसील कैम्प का निरीक्षण करने आ पहुंचे। मुख्य अभियंता ने उप खण्ड के सभी वाणिज्यिक व घरेलू विधा के नेवर पेड उपभोक्ताओं पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर कडे निर्देश दिये। उपखण्ड अधिकारी तथा अवर अभियंताओं से विद्युत बकाये की वसूली के बाबत प्रगति की जानकारी भी मुख्य अभियंता ने बिंदुवार ली। बकाये को लेकर अभियान में ढिलाई को लेकर मुख्य अभियंता का पारा भी चढ़ा दिखा। मुख्य अभियंता की मौजूदगी में कैम्प में तेरह नेवर पेड के मद में एक लाख दो हजार चार सौ सैंतीस रुपए जमा कराए गए। वहीं बकाये को लेकर तेरह उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन भी काटे गये।

### खबर संक्षेप

## सवर्ण समाज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व राष्ट्रीय सह-प्रभारी नियुक्त हुए विपुल त्रिपाठी

### सवर्ण समाज पार्टी मे खुशी का माहौल

**कौशाम्बी।** सवर्ण समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने राष्ट्रीय कोर कमेटी के सर्वसम्मति से विपुल कुमार त्रिपाठी को राष्ट्रीय सचिव के साथ राष्ट्रीय सह-प्रभारी का पदभार दिया है इस मौके उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष देवेंद्र शुक्ला,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी हरिविलास तिवारी तथा प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप उपाध्याय एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता रिंटू सिंह राजपूत समेत अन्य आदि पदाधिकारी गण बधाई देकर खुशी जाहिर की इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने यह कहा कि विपुल एक सजग कार्यकर्ता और एक ऐसे जननायक है जो सदैव जनहित, देशहित के लिए अग्रसर है और विपुल ने कहा कि मै राष्ट्रीय कोर कमेटी और राष्ट्रीय अध्यक्ष को यह मंच देने के लिए कोटि कोटि धन्यवाद देते है और हम सदैव जनहित मे अग्रसर रहेंगे।

# पेड़-पौधों के बिना नहीं की जा सकती जीवन की कल्पना : जिलाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**डीएम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के अनुरूप जीवन शैली अपनाना चाहिए कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए**

**जिलाधिकारी ने गोल्डेन कार्ड बनाये जाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायत सहायकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**


प्रमाण पत्र वितरित करते जिलाधिकारी

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सब लोग वृक्ष के महत्व के बारे में भली-भॉति जानते हैं। पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकतीं। हमारे जीवन के लिए धरातल पर अधिक से अधिक पेड़-पौधों का होना अत्यन्त आवश्यक है। वह प्रत्येक तत्व, जिसका उपयोग हम जीवित रहने के लिए करते हैं, वह सभी पर्यावरण के अन्तर्गत आते हैं। हमारा पर्यावरण धरती पर स्वस्थ्य जीवन को अस्तित्व में रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सुरक्षित जीवन के लिए धरातल पर मानक के अनुसार 33 प्रतिशत वन आच्छादित होना चाहिए, जबकि हमारे देश के भौगोलिक क्षेत्र के लगभग 23 प्रतिशत भाग ही वन आच्छादित है एवं उ0प्र0 के भौगोलिक क्षेत्र के लगभग 09 प्रतिशत भाग ही वन आच्छादित है। केन्द्र व प्रदेश सरकार के विशेष प्रयास से वनावरण विगत वर्षो से लगातार बढ़ रहा हैं। जिलाधिकारी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक पौधारोपण करें। हम सभी को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसका संरक्षण करना चाहिए। हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के अनुरूप जीवन शैली अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सब अपने दिनचर्या में बदलाव लाकर पर्यावरण का संरक्षण कर सकतें है यथा-कागज को अनावश्यक नष्ट न करें, नदी तालाब को गन्दा न करें एवं जब आवश्यक न हो तो विद्युत उपकरणों को बन्द रखें कार्यक्रम में धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन के छात्र राजा पाण्डेय अनुराग आलोक त्रिपाठी व छात्रा-तान्या सिंह ने पर्यावरण विषय पर अपने सम्बोधन के माध्यम से जीवन में पेड़-पौधों की महत्ता व संरक्षण पर प्रकाश डाला तथा आमजन को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, प्रभागीय वनाधिकारी डॉ०आर0एस0 यादव एवं जिला पंचायत राज अधिकारी बालगोविन्द श्रीवास्तव एवं एस० डी० ओ० (वन) सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।तत्पश्चात जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डेन कार्ड बनाये जाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रत्येक विकास खण्ड के 03-03 पंचायत सहायकों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेण्टों देकर सम्मानित किया।

## कुँए में गिरने से झाड़ फूंक करने वाले की मौत

**पत्नी ने हत्या कर लाश फेकने का लगाया आरोप**

**कौशाम्बी।** थाना कौशाम्बी क्षेत्र के बाबा का पूरा मजरा गोपसहसा में सोमवार की भोर मे देवी दयाल उम्र 60 वर्ष लगभग पुत्र बदलू निवासी भाऊ का पूरा मजरा हरदौली थाना राजापुर चित्रकूट की कुँए में गिरने से मौत हो गई पत्नी ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है मृतक झाड़ फूंक का काम करते थे यह 26-5-23को अपने घर आए थे बाबा कपूरा के रंजीत प्रधान प्रतिनिधि व श्रवण कुमार के यहां इनकी रिश्तेदारी थी इन्होंने झाड़ फूंक के लिए बुलाया था बीती रात खा पीकर कुँए के बगल में सोए थे अचानक रात में गिर जाने से उनकी मौत हो गई सोमवार की सुबह 6 बजे जानकारी हुई तो मृतक की पत्नी व घर के लोग मौके पर पहुँचे मृतक की पत्नी ननकी देवी की तहरीर पर पुलिस ने शव को पीएम भेज दिया एसएचओ महेश चंद्र का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी हालांकि पत्नी ननकी देवी का कहना था कि मेरे पति को कही गिरने की चोट नहीं है इनको मारा गया है।

### न्यूज झरोखा

## जिलाधिकारी एवं सीडीओ ने किया पौधारोपण



**कौशाम्बी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने कलेक्ट्रेट परिसर में पौधारोपण कर जनपदवासियों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए आवाह्न किया। पर्यावरण संरक्षण एवं पारिस्थितिक संतुलन बनाये रखने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण आवश्यक है। पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकतीं इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी आर0एस0 यादव एवं जिला पंचायत राज अधिकारी बालगोविन्द श्रीवास्तव ने भी पौधारोपण किया।

## नेशनल इंटर कॉलेज के छात्रों ने निकाली रैली



**भरवारी कौशाम्बी।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2023 के उपलक्ष पर मिशन लाइव लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट कार्यक्रम के अंतर्गत नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी के एनसीसी कैडेटों के द्वारा पर्यावरण के प्रति जागरूकता रैली को विद्यालय के प्रबंधक रवि नारायण तिवारी एवं प्रधानाचार्य कलीम अहमद द्वारा हरी झंडी देकर रवाना किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक भूवनेश्वर तिवारी ,एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अशोक कुमार पांडे राजेश यादव राजेश अस्थाना अतुल मिश्रा यशपाल यादव दीप्तांशु तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

## चरवा क्षेत्र में जल्द शुरू होगा विकास कार्य : अध्यक्ष



**कौशांबी।** नगर पंचायत चरवा के अध्यक्ष जगनारयण ने अधिशासी अधिकारी के साथ चरवा नगर पंचायतों के चरवा उत्तर थोक,चरवा चौराहा, ओदार पुर, पिपरी आदि गांवों का निरीक्षण करते हुए लोगो की समास्याओं को सुना आम जनमानस से मुलाकात कर उन्होंने नगर क्षेत्र की समस्याओं को जाना और लोगों को भरोसा दिलाया है कि नगर क्षेत्र की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा नाली खड़ंजा सड़क का निर्माण कराया जाएगा जल निकासी की समस्या को दूर किया जाएगा नगर पंचायत चरवा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष से नगर की जनता ने जल भराव नाली,सड़क,आवास आदि की समस्या से अवगत कराया अध्यक्ष ने नगर के लोगो को भरोसा दिलाया कि बहुत जल्द नगर क्षेत्र की समास्याओं का निस्तारण कराया जाएगा साथ ही साथ छोटी मोटी समास्याओं को तत्काल निस्तारण करने के लिए अधिशासी अधिकारी को उन्होंने निर्देशित किया

## शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में किया पौधारोपण



**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद अंतर्गत चांदी पुर परसरा प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों ने प्रार्यवरण दिवस पर 5 जून को पौधरोपण किया है इस मौके पर उपस्थित शिक्षकों ने कहा कि पौधरोपण से वातावरण संतुलित होता है और वातावरण संतुलन के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण करना चाहिए स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं और शिक्षकों ने पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण सुरक्षा की शपथ ली इस मौके पर रवीन्द्र मिश्रा नीतू सक्सेना सुचित्रा देवी लवकुश नागेंद्र आदि शिक्षक वा छात्र छात्राएं मौजूद रहे

## सिराथू सर्किल के थाना व पुलिस चौकियों में हुआ पौधारोपण



**कौशाम्बी** विश्व पर्यावरण दिवस पर सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने उप जिलाधिकारी मनीष यादव के साथ सैनी थाना परिसर एवं सिराथू सर्किल के चारों थाने व पुलिस चौकियों में पौधारोपण किया इसके साथ ही आम जनमानस से ज्यादा से ज्यादा पौध लगाने की अपील की सीओ ने कहा कि शुद्ध प्राणवायु के लिए पौध लगाना बहुत जरूरी है सभी लोग अपने घर के गलियारे और छतों पर अच्छे और वायु देने वाले पौधे लगाए जिससे शुद्ध वातावरण का माहौल बन सके और सभी लोग शुद्ध प्राण वायु पा सके ।सीओ अवधेश विश्वकर्मा ने सैनी थाना परिसर एवं अपने कार्यालय परिसर में आम नीम जैसे कई पौधे रोपित किए

## विश्व पर्यावरण दिवस पर चरवा थाना में लगाए गए पौधे



**चरवा कौशाम्बी** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर चरवा थाना मे पौधरोपण किया गया है चरवा थाना प्रभारी अलोक कुमार सोनकर ने उप निरीक्षक और सिपाहियों के साथ थाना परिसर में पौधरोपण किया विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर थाना प्रभारी आलोक कुमार सोनकर ने कहा कि पर्यावरण संतुलन जरूरी है और पौधारोपण कर बृक्ष तैयार करें जिससे पर्यावरण का संतुलन बना रहे उन्होंने कहा कि मानव जीवन में बृक्ष बहुत उपयोगी हैं बृक्ष ईंधन के लिए लकड़ी शुद्ध वायु के साथ फल फूल भी देते हैं।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने किया पौधारोपण



**भरवारी कौशांबी।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को नगर पालिका परिषद भरवारी की अध्यक्ष कविता पासी ने पौधारोपण किया है इस दौरान उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना है और प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण करना है उन्होंने कहा कि धरती हरी-भरी हो गी धरती वन से आच्छादित होगी सभी मानव जीवन खुशहाल और स्वस्थ होगा इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जीवन के लिए पर्यावरण का संतुलन आवश्यक है पौधारोपण के दौरान कार्यालय के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

### पर्यावरण की बात करने वाले अफसर

# मेहता अस्पताल में हरे भरे विशाल फलदार 500 पेड़ काटे जाने को नहीं रोक सके !

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कस्बे के मेहता अस्पताल परिसर में बल्लभराम सालिग ग्राम मेहता परिवार द्वारा 6 दशक पूर्व 500 से अधिक विशाल बृक्ष तैयार किए गए थे**




**कौशांबी।** पर्यावरण दिवस आ गया है तो एक दिन अधिकारी से लेकर नेता औए माननीय पौध रोपड़ करके फोटो खिंचा करके केवल वाहवाही लूटने तक शामिल रह गए हैं अफसरों को यह मानना होगा कि 365 दिन पर्यावरण की सुरक्षा करनी होगी केवल एक दिन पौधरोपण करने से पर्यावरण की सुरक्षा नहीं होगी पूरे वर्ष लकड़ी माफिया द्वारा पेड़ काटे जाते हैं और अधिकारी हरे पेड़ की कटान को नहीं रोक पाते हैं जबकि हरे पेड़ के कटान में योगी सरकार ने शत-प्रतिशत प्रतिबन्ध लगा रखा लेकिन उसके बाद भी पूरे वर्ष जिले के विभिन्न क्षेत्र में हरे पेड़ों की कटान होती है अवैध तरीके से आरा मशीनों में हरे पेड़ की लकड़ियां पहुंचती है बिना ट्रांजिट परमिट के पूरे दिन हरे पेड़ को काटकर लकड़िया एक स्थान से दूसरे स्थान पहुंचाई जाती है जिन पर रोक नहीं लगती अधिकारियों की चौखट पर आएं दिन हरे पेड़ कटान के शिकायती प्रार्थना पत्र पहुंचते हैं सोशल मीडिया से लेकर समाचार पत्रों में हरे पेड़ के कटान को रोकने की आवाज बुलंद होती है लेकिन उसके बाद पूरे वर्ष हरे पेड़ों की कटान बेखौफ तरीके से होती है पर्यावरण सुरक्षा की बात करने वाले अफसर पूरे वर्ष हरे पेड़ों के कटान पर रोक नहीं लगा पाते हैं भरवारी कस्बे के मेहता अस्पताल परिसर में बल्लभराम सालिग ग्राम मेहता परिवार द्वारा 6 दशक पूर्व 500 से अधिक विशाल बृक्ष तैयार किए गए थे इन पेड़ों से मेहता अस्पताल परिसर पूरी तरह से हरा भरा था लेकिन बीते कुछ महीने पहले अस्पताल परिसर को वीरान कर दिया मेहता परिसर में लगे लगभग 500 हरे भरे विशाल पेड़ काटकर जेसीबी मशीन से जड़ तक उखाड़ कर माफिया उठा ले गए 2 महीने लगातार मेहता अस्पताल परिसर में माफियाओं का जमावड़ा रहा लेकिन थाना पुलिस तहसील वन विभाग से लेकर किसी भी अफसर ने हरे भरे पुराने विशाल पेड़ काटे जाने को रोकने की कोशिश नहीं की पेड़ काटने वाले माफिया इतने शक्तिशाली थे कि उन्होंने पेड़ काटने के बाद जड़ खोद कर सबूत नष्ट कर दिया हैं मामले की कई बार शिकायतें भी हुई लेकिन उसके बाद माफियाओं पर मुकदमा दर्ज करा कर कार्यवाही नहीं की गई आखिर पर्यावरण दिवस का झूठा ढिंढोरा पीटने का ड्रामा अफसर क्यों करते हैं जब उन्हें हरे भरे विशाल फलदार वृक्षों के कटान पर रोक नहीं लगानी है मेहता अस्पताल परिसर भरवारी में हरे भरे फलदार 500 से अधिक विशाल पेड़ काटे जाने के मामले को सरकार को गंभीरता से लेकर पेड़ काटने वाले माफियाओं पर मुकदमा दर्ज करा कर कठोर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है जिससे माफियाओं के मंसूबे कमजोर हो और धरती हरी भरी हो तभी पर्यावरण दिवस मनाने की सार्थकता सिद्ध होगी।

## मजदूर के भाई को पीटने के बाद भाग रहे लोग हादसे के शिकार

**डीजे संचालक और मजदूरी का विवाद गहराया, ले गया दूसरा प्रतिरूप**

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा कस्बे में डीजे संचालक द्वारा मजदूर को दिए गए एडवांस पैसा मांगने पर हुए विवाद के बाद डीजे संचालक ने उसकी पिटाई कर दी जिस पर मजदूर प्रार्थना पत्र लेकर पुलिस चौकी पहुंच गया पुलिस के भय से डीजे संचालक बाइक से भाग रहे थे इसी बीच सड़क हादसे के शिकार हो गए हैं सड़क हादसे के इस मामले में राजनीतिक रंग दिए जाने का प्रयास हो रहा है एडवांस पैसा मांगने के विवाद में देर रात दो युवको को जमकर पीटने का आरोप लगाया है। प्रथम पक्ष मनोज कुमार गौतम पुत्र अशोक कुमार गौतम निवासी वार्ड नंबर 3 शांति नगर ने बताया कि हमारे रिस्तेदार से डीजे के पैसे का लेनदेन का मामला था जिसमे आशीष,मनीष और अमर अपने साथियों के साथ हमारे रिश्तेदार को गाली गलौज कर अपहरण के फिराक में थे हम बाप बेटे (अशोक गौतम,मनोज) ने विरोध किया और चौकी पुलिस को तहरीर दी लेकिन इन तीनो भाई चुनाव खिसपत चुनावी रंजिश के चलते हमारी आपस में तू तू मैं मैं हुई है । इसके बाद हम लोग अपने घर चले गए थे और यह लोग भी घर चले गए थे लेकिन कुछ देर बाद सूचना मिलती है कि इनका रोड एक्सीडेंट हो गया है अमर का साथी मुकेश कुमार मौर्य पुत्र मैकूलाल मौर्य निवासी वार्ड नंबर 6 कृष्णा नगर ने बताया कि हम लोगों को मनोज कुमार व उनके साथी ने मिलकर हमारे चाचा सुरेश कुमार मौर्या पुत्र सत्यनारायण मौर्य निवासी वार्ड नंबर 6 के साथ मार-पीट की गई जिसके चलते हम लोग थाने जा रहे थे जैसे ही लोहंदा मोड़ के पास पहुंचे वैसे ही विपक्षी ने हमें जान से मारने के लिए हमारे ऊपर फोर व्हीलर से टक्कर मार दिया जिसमे दोनो युवक गंभीर घायल हो गए सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायल युवकों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मामला सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा कस्बे का है नगर की चचाओं पर जाएं तो मामला कुछ इस तरह है वार्ड नं 6 के युवक सुरेश पुत्र सत्यनारायण डीजे का कार्य करता है उसके डीजे में अशोक गौतम का भतीजा मजदूरी करता था,जिसने डीजे संचालक से कुछ रुपया एडवांश ले रखा था बीती देर शाम सुरेश का भतीजा मुकेश ने ऐडवांश पैसा लेने वाले मजदूर को पैसा वापस न करने पर पीट दिया ।अशोक और मनोज ने चौकी पुलिस को तहरीर दिया पुलिस उन पीटने वाले युवकों को उठाती इससे पहले दोनों युवक राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए रांग साइड से सैनी की ओर जा रहे थे हड्डी मिल के सामने डिवाइडर से टकरा गए जिसमे दोनों युवक गम्भीर घायल हो गए सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल कर एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेजा जहां गम्भीर स्थिति पर मुकेश को डॉक्टरों ने प्रयागराज के लिए रिफर किया है बहरहाल मामला कुछ भी सैनी कोतवाली पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## विवाहिता और उसके बेटे की हत्या में ननंद को आजीवन कारावास की कठोर सजा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** सराय अकील थाना क्षेत्र के रॉक्सराई गांव में 30.09.2013 को विवाहिता किरण देवी और उसके 10 माह के बेटे गोविंद को मिट्टी का तेल डालकर जिंदा जला दिया गया था मामले में पुलिस ने पति ससुर सास और ननद के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया मुकदमे की सुनवाई न्यायालय एडीजे एफटीसी 2 के अदालत में हुई बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अभियुक्तों को निर्दोष बताया सरकारी वकील ने अभियुक्तों को दोषी बताते हुए कड़ी सजा दिए जाने की मांग की दोनों पक्षों की जिरह बहस सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर पति सास ससुर को बाइज्जत बरी करते हुए अदालत ने ननद श्रीमती देवी पुत्री दशरथ लाल कों विवाहिता और उसके बेटे की हत्या का दोषी पाया और ननन श्रीमती देवी पुत्री दशरथ लाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है तथा 10 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दोषी को दण्डित किया तथा अर्थ दण्ड न अदा करने पर 06 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

**निरोधात्मक कार्यवाही में 23 अभियुक्त गिरफ्तार :**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना कौशाम्बी से तीन थाना पिपरी से आठ थाना चरवा से एक थाना कोखराज से तीन थाना सैनी से एक थाना कड़ाधाम से सात कुल 23 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ : कांग्रेस

**कांग्रेस नेताओं को कौन बताए नहीं हो सकता वृक्षारोपण**

**कौशांबी।** सिराथू तहसील के एक विद्यालय में पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्ष रोपण किया गया कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष अमित द्विवेदी आजाद ने वृक्षारोपण किया उन्होंने कहा कि अगर जल और जीवन को बचाना है तो पेड़ लगाना जरूरी है आज दूषित हवा और दूषित पानी से तमाम जानलेवा बीमारियां फैल रही इससे बचने के लिए पेड़ अवश्य लगाएं इस मौके पर पीसीसी सदस्य जितेंद्र शर्मा ने कहा कि वृक्षों से मनुष्य को ऑक्सीजन प्राप्त होता है जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है अगर बीमारियों से बचना है वृक्ष लगाना जरूरी है इस मौके पर युवा कॉग्रेस जिलाध्यक्ष अंकुर शुक्ला प्रदेश सचिव मानवाधिकार अनिल पांडे अर्जुन लोहार अवधेश कुमार, बड़े बाबू दुबे सचिन शुक्ला, मोनू पांडे इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# नगर पालिका बोर्ड की पहली बैठक में अध्यक्ष के तेवर हुए तल्ख

**अखंड भारत संदेश**

**आरओ प्लांट्स के औचक निरीक्षक में मिली खामियां गुटका पान खाने पर लगाया प्रतिबंध**



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी बोर्ड की पहली बैठक में ही नवनिर्वाचित अध्यक्ष के तेवर तल्ख देखे गए हैं बैठक के दौरान नगर पालिका क्षेत्र का विकास कराए जाने की पहल शुरू कर दी है उन्होंने लोगों से प्रस्ताव मांगे हैं और जल्द काम शुरू कराए जाने का आश्वासन दिया है उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के बाद उन्होंने आरओ प्लांट का निरीक्षण किया निरीक्षण में तमाम खामियां मिली इस मौके पर उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि कोई भी कर्मचारी पान गुटखा खाकर आरओ प्लांट में नहीं जाएगा अगर कोई भी कर्मचारी गुटखा पान खाते पाया गया तो उसकी खैर नहीं होगी नवनिर्वाचित सभासद वार्ड नंबर 24 ने आरओ प्लांट का एक डिब्बा प्रतिदिन पानी अपने घर में निशुल्क देने के लिए कर्मचारी से कहा था जिस पर कर्मचारी ने अध्यक्ष से सभासद के कारनामे की जानकारी दे दी जिस पर अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी सभासद या कोई भी पदाधिकारी को एक भी डिब्बा मुफ्त आरओ का पानी नहीं दिया जाएगा उन्होंने कहा कि मेरे यहां भी आरओ प्लांट का पानी मुफ्त में नहीं जाएगा उन्होंने घोषणा की है कि नगर क्षेत्र के किसी गरीब की पुत्री की शादी हो रही हो और वह शुल्क देने में असमर्थ है उसके यहां मुफ्त में नगर पालिका परिषद सेवा देगी और यह दायित्व बनता है नवनिर्वाचित अध्यक्ष के तल्ख तेवर से बोर्ड बैठक में शामिल सभी सभासद व कर्मचारी के होश फाख्ता हो गए जिससे सभी के मंसूबे में पानी फिर गया।

# पर्यावरण है हम सबकी जान, इसलिए करो इसका सम्मान : शान्ती देवी कुशवाहा

**अखंड भारत संदेश**

**विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं चेयरमैन ने किया पौधरोपण**



**अझुवा कौशाम्बी।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर आज सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष धर्मराज मौर्य एवम नगर पंचायत अझुवा की नवनिर्वाचित चेयरमैन शान्ती देवी कुशवाहा ने कान्हा गौशाला अझुवा में पौध रोपण कर विश्व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है। कान्हा गौशाला अझुवा पहुंचकर द्वय जनप्रतिनिधियों ने गौशाला में संरक्षित गौवंशों को गुड़ खिलाकर जिम्मेदारों को समय समय पर चारा पानी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया चेयरमैन शान्ती देवी कुशवाहा ने कर्मचारियों को हिदायत देते हुए कहा कि गौवंशों के प्रति की गई लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी ,कान्हा गौशाला प्रांगड़ में वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी नेता धर्मराज मौर्य और शान्ती देवी कुशवाहा ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया है धर्मराज मौर्य ने पौधरोपण करते हुए कहा कि एक पेड़ अपने पूरे जीवन काल में हर तरह से मनुष्य के काम आता है भोजन प्रदान करने, घर बनाने को लकड़ी देने से लेकर सांस लेने के लिए जीवनदायिनी ऑक्सीजन भी देता है इस मौके पर वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी के नेता ओमप्रकाश कुशवाहा ,हीरालाल मौर्य, भैरावा प्रधान गोपी मौर्य ,वरिष्ठ सभासद फूलचंद केसरवानी, प्रशांत केसरवानी, शिव प्रताप मौर्य विनोद मौर्य , गुड्डू कुशवाहा नगर पंचायत कार्यालय के वरिष्ठ लेखा लिपिक साकेत चंद श्रीवास्तव सहित नगर पंचायत के तमाम कर्मचारी मौजूद रहे हैं।

## डीपीआरओ को समर्थ किसान पार्टी सौपेगा ज्ञापन

**कौशाम्बी।** जनहित और लोकहित के मुद्दो को लेकर दिनांक 6 जून दिन मंगलवार समय 10 बजे समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी की अगुवाई मे जिला पंचायत राज अधिकारी बाल गोविंद श्रीवास्तव को सात सूत्रीय ज्ञापन समर्थ किसान पार्टी के नेताओ द्वारा सौंपा जायेगा ।ज्ञापन के माध्यम से कई गांवों में गौशाला, विवाहगृह, खेलकूद का मैदान, शवदाहगृह बनाए जाने समेत गांवों के सूखे तालाबों में पानी भरवाने और गांवो में स्ट्रीट लाइट की सुविधाएं कराने जैसी मांगे की जायेंगी उक्त जानकारी पार्टी नेता अजय सोनी ने दी है।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त अकबर अली उर्फ बवका पुत्र मो० मुस्लिम निवासी बरीपुर थाना कोखराज को सकाढ़ा तिराहा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## बैंक खाते से बिना खाता धारक की सहमति के रकम निकल जाने की 6 वर्षो बाद भी नहीं पूरी हुई जांच




**कौशाम्बी।** भारतीय स्टेट बैंक सिराथू के बैंक खाता नंबर 11 0 25 26 3904 खाताधारक हरी लाल पुत्र नन खुद्दा निवासी अंबाई बुजुर्ग थाना कड़ा धाम के बैंक खाते से 19 सितंबर 2017 को 2 हजार 200 रुपए खाता धारक हरीलाल के बिना सहमत से निकल जाने के मामले की लगातार 5 वर्षों से शिकायत के बाद जांच नहीं पूरी हो सकी है मामले को लेकर पीड़ित हरिलाल ने शाखा प्रबंधक को भी शिकायती पत्र देकर फरियाद की थी लेकिन शाखा प्रबंधक से भी उसे न्याय मिलने के बजाय दुत्कार मिला था। बैंक खाते से बिना सहमत के रुपए निकल जाने के मामले में हरिलाल ने थाना कड़ा धाम और थाना सैनी पुलिस से लेकर पुलिस अधीक्षक जिला अधिकारी थाना समाधान दिवस संपूर्ण समाधान दिवस आइजीआरएस में बार-बार शिकायती प्रार्थना पत्र दिया लेकिन नतीजा शून्य रहा 03 जून 2023 को फिर पीड़ित हरिलाल ने संपूर्ण समाधान दिवस सिराथू में पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायती पत्र देकर बैंक खाते से बिना उसके सहमत के रुपए निकल जाने के प्रकरण की जांच करके शाखा प्रबंधक पर मुकदमा दर्ज करा कर उनकी गिरफ्तारी कराया जाना और उसकी रकम को वापस कराए जाने की मांग की है अब देखना यह है कि जिस प्रकरण में 5 वर्षों से जांच नहीं हो सकी है उस प्रकरण में क्या इस बार शिकायती प्रार्थना पत्र के बाद पारदर्शी तरीके से निष्पक्ष जांच होकर पीड़ित को न्याय मिल पाएगा या फिर इस बार भी अधिकारियों को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में जांच अंतिम रिपोर्ट तक नहीं पहुंच पाएगी।

## संपादकीय

# कुप्रबंधन-उपेक्षा का परिणाम है बालासोर ट्रेन हादसा

**दूध** का दामइधर पूंजीगत व्यय में वृद्धि और उधर गरीबों की उपेक्षा ओडिशा के बालासोर जिले में शुक्रवार की शाम हुई जिस भीषण ट्रेन दुर्घटना में करीब 300 लोगों ने जानें गंवाई और लगभग एक हजार घायल हुए हैं, वह प्रथम दृष्टया मानवीय भूल तो है लेकिन इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता कि रेल सेवाओं की जैसी उपेक्षा हो रही है और पूरी प्रणाली कुप्रबंधन का जिस तरह से शिकार हो गयी है, उसी का यह परिणाम है जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ा है। मृतकों के परिवारों को मुआवजे, घायलों को मदद राशि, उपचार की उपलब्धता तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घटनास्थल का दौरा कर 'दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा'- की दी जाने वाली चेतावनी तात्कालिक कदम तो हो सकते हैं परन्तु इनसे न तो रेल सेवा को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी और न ही भविष्य में ऐसे हादसे रोके जा सकेंगे। जरूरत रेलवे को लेकर केन्द्र सरकार के नजरिये और तदनुरूप नीतियां बनाने की है। ट्रेनों को आम आदमी की पहुंच से निकालकर विशिष्टजनों के परिवहन का माध्यम बनाने वाला दृष्टिकोण जब तक नहीं बदलता, रेलवे को बदतर दिन देखने और उसकी बदहाली से कोई नहीं रोक सकता। नैतिकता अथवा उत्तरदायित्व के नाम पर अपने इस्तीफे से साफ इंकार करते हुए रेलवे मंत्री अनिल वैष्णव ने यह जरूर बतलाया है कि दुर्घटना की स्वतंत्र व उच्चस्तरीय कमेटी जांच करेगी। कहना न होगा कि दोनों ही कोई अनोखी बात नहीं है। इतने बड़े हादसे की जांच तो होनी ही थी और त्यागपत्र देने का भी सवाल नहीं उठता क्योंकि अब न तो वैसी संवेदनशीलता रह गयी है और न ही जिम्मेदारी की भावना, जैसी कि लालबहादुर शास्त्री जैसे लोगों में देखी गयी थी जब उन्होंने ऐसी ही एक दुर्घटना से व्यथित होकर पद छोड़ दिया था। खैर, वह अलग जमाना था और दूसरी तरह के ही लोग थे। देश की अब तक की सबसे बड़ी दुर्घटनाओं में से एक इस भयानक हादसे में तीन ट्रेनों की भिड़न्त हुई है जो अपने आप में घोर लापरवाही बरतने और प्रणाली को नाकाम साबित करने के लिये काफी है। कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रैक क्रमांक 2 से मेनलाइन की बजाय लूपलाइन पर चली गयी और वहां खड़ी मालगाड़ी से जा टकराई। उसका इंजिन मालगाड़ी पर चढ़ गया। इससे मालगाड़ी के कुछ डिब्बे ट्रैक नंबर 2 और 3 पर बिखर गये। परिणामस्वरूप ट्रैक नं. 2 से गुजर रही बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट ट्रेन के आखिरी 3 कोच कोरोमंडल एवं मालगाड़ी के बिखरे डिब्बों से टकरा गये। कोरोमंडल को गलत सिग्नल देना भी हादसे का कारण बतलाया जा रहा है। तकनीकी जांच जो भी हो, तय मानिये कि इस हादसे के लिये किसी छोटे कर्मचारी या जूनियर अधिकारी को जिम्मेदार मानकर उसके खिलाफ कोई छोटी-बड़ी कार्रवाई होगी तथा इस हादसे की जांच रिपोर्ट कुछ टिप्पणियों व ताकीदों के साथ बंद कर दी जायेगी। फिर सब कुछ पूर्ववत हो जायेगा। अपनी दुर्दशा के साथ रेल व्यवस्था ऐसे ही चलती रहेगी और बेबस नागरिक अपनी जान हथेलियों पर लेकर यात्राएं करते रहेंगे क्योंकि उनके पास और कोई विकल्प नहीं है। इस नैराश्य व व्यथा का कारण है केन्द्र सरकार का रेल सेवाओं के प्रति नजरिया। वर्तमान सरकार का निजीकरण के प्रति अनुराग इस दुर्घटना के केन्द्र में है। पिछले कुछ समय से रेलवे को घाटे में लाने का सुनियोजित षडयंत्र पिछले कुछ समय से रचा गया है। रेलवे की अकूत सम्पत्ति और फायदे की असीमित गुंजाईश निजी व्यवसायियों को हमेशा से आकर्षित करती रही है लेकिन जनसामान्य के लिये इसकी उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए पिछली सरकारों ने इसे पूर्णतः सार्वजनिक उपक्रम बनाये रखा था। सर्वाधिक रोजगार का सृजन करने वाली भारतीय रेल देश की जीवन रेखा भी है जिसे अपने कारोबारी मित्रों को सौंपने के लिये इसे मोदी सरकार द्वारा नुकसान में लाया जा रहा है। इसके चलते जहां स्टेशनों को निजी हाथों में देने का चलन बढ़ा वहीं 3.5 लाख से ज्यादा रिक्त पदों को भरा नहीं जा रहा है। लोको पायलेटों समेत सभी कर्मचारियों से उनकी क्षमता से ज्यादा काम लिया जा रहा है। कोरोना के नाम पर वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली छूट समाप्त कर दी गयी है। बुलेट, तेजस व तथा वंदे भारत जैसी महंगी ट्रेनों पर सरकार का ज्यादा ध्यान व दिलचस्पी है जबकि आवश्यकता आम लोगों के लिये रेल सेवाओं को सस्ती, आरामदायक तथा सुरक्षित करने की है। ट्रेन परिचालन को सुरक्षित रखने के नाम पर लागू अत्याधुनिक तकनीक 'कवच' भी इस दुर्घटना में नाकाम साबित हुआ है। सरकार की वरीयता मालवाहक ट्रेनों की आवाजाही की है, जबकि होनी चाहिये यात्री ट्रेनें जिनके फेरे कम हो रहे हैं और वे सुस्त चाल चलाई जा रही हैं ताकि लोग दूसरे माध्यमों का इस्तेमाल करें। नुकसान में आने से स्टेशनों व ट्रेनों को निजी हाथों में देना आसान होता है जो इस हादसे के मूल में है।

**सर्वाधिक रोजगार का सृजन करने वाली भारतीय रेल देश की जीवन रेखा भी है जिसे अपने कारोबारी मित्रों को सौंपने के लिये इसे मोदी सरकार द्वारा नुकसान में लाया जा रहा है। इसके चलते जहां स्टेशनों को निजी हाथों में देने का चलन बढ़ा वहीं 3.5 लाख से ज्यादा रिक्त पदों को भरा नहीं जा रहा है**

# राजद्रोह कानून: सुलझता नहीं दिख रहा मामला

अशोक भाटिया




**हमारे** यहां लंबे वक्त से इंडियन पीनल कोड में शामिल देशद्रोह यानी राजद्रोह से जुड़े सेक्शन को हटाने की मांग की जा रही है। अब भारत के 22वें विधि आयोग की रिपोर्ट के बाद एक बार फिर से सिडीशन से जुड़े सेक्शन को लेकर बहस तेज हो गई है। आईपीसी के सेक्शन 124अ में सिडीशन का जिक्र है। कर्नाटक हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस ऋतु राज अवस्थी की अध्यक्षता वाले लॉ कमीशन ने जो इस मसले पर अंतिम रिपोर्ट दी है, उसके मुताबिक सेक्शन 124अ को खत्म नहीं किया जाना चाहिए। आयोग ने कुछ संशोधन के साथ इसे बनाए रखने की जरूरत बताया है। विधि आयोग ने इस सेक्शन को बनाए रखने के पीछे देश की एकता और अखंडता का हवाला दिया है। इसके साथ ही विधि आयोग ने सेक्शन 124अ को संविधान के अनुच्छेद 19(2) के तहत शामिल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उचित प्रतिबंध के दायरे में माना है। इसके साथ ही आयोग का कहना है कि वअढअ जैसे आतंकवाद विरोधी कानूनों के अस्तित्व से सेक्शन 124A की जरूरत समाप्त नहीं हो जाती है। आयोग का ये भी कहना है कि इस सेक्शन को सिर्फ इस आधार पर खत्म नहीं किया जा सकता है कि ये औपनिवेशिक विरासत से जुड़ा है।

गौरतलब है कि भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए के अनुसार, जब कोई व्यक्ति बोले गए या लिखित शब्दों, संकेतों या दृश्य प्रतिनिधित्व द्वारा घृणा या अवमानना या उत्तेजित करने का प्रयास करता है या भारत में कानून द्वारा स्थापित सरकार के प्रति असंतोष को भड़काने का प्रयास करता है तो वह राजद्रोह का आरोपी है। राजद्रोह एक गैर-जमानती अपराध है और इसमें सजा तीन साल से लेकर आजीवन कारावास और जुर्माना दोनों हो सकते है।

केदार नाथ सिंह बनाम बिहार राज्य (1962) के मामले में, सुप्रीम कोर्ट ने आईपीसी की धारा 124ए के बारे में स्पष्ट किया था कि इस प्रावधान का इस्तेमाल अव्यवस्था पैदा करने की मंशा या प्रवृत्ति, या कानून और व्यवस्था की गड़बड़ी, या हिंसा के लिए उकसाने वाले कार्यों तक सीमित होना चाहिए। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट की एक संविधान पीठ ने अपने फैसले में आईपीसी के तहत राजद्रोह कानून की वैधता को बरकरार रखा था और इसके दायरे को भी परिभाषित किया था। पिछले कुछ वर्षों में समय-समय पर मीडिया और पत्रकारों के ऊपर राजद्रोह के मुकदमे दर्ज किये गए हैं जैसे कि आंध्र प्रदेश में दो तेलुगु न्यूज चैनलों- टीवी 5 और एबीएन, पत्रकार विनोद दुआ के खिलाफ हिमाचल प्रदेश में दर्ज मामला, नोएडा पुलिस द्वारा कांग्रेस सांसद शशि थरूर सहित छह पत्रकारों पर राजद्रोह का मामला, केरल के पत्रकार सिद्दीकी कप्पन और मणिपुर के पत्रकार किशोरचंद्र वांगखेम के खिलाफ इसी प्रकार के मुकदमे दर्ज किये गए। देखा जाये अभिव्यक्ति कि स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का यह कानून स्पष्ट रूप से उलंघन करता है, इस कानून के आधार पर सरकारें लोगो को डराने-धमकाने का काम करती रही है। अगर आपराधिक कानून कि कोई धारा अस्पष्ट है तो लोगो को उस धारा के अधीन नहीं किया जा सकता जो उसे आजीवन जेल में डाल सकती हो। हाल ही में जितने भी पत्रकारों के खिलाफ देशद्रोह के मामले दर्ज किये है उनमे से किसी भी पत्रकार ने कोई हिंसक कार्य नहीं किया फिर उन्हें गिरफ्तार करने का औचित्य समझ से परे है। राजद्रोह के कानून में सरकार के प्रति उत्तेजना या असंतोष को उत्तेजित करने की बात की गई है। आखिर असंतोष का क्या अर्थ है? क्या किसी को यह कहने का अधिकार नहीं है कि उसे सरकार से नफरत है? क्या कोई यह नहीं कह सकता कि उसे प्रधानमंत्री से नफरत है? क्या कोई यह नहीं कह सकता कि अमुक राजनेता भारत के इतिहास में सबसे बुरे हैं? यह सब भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। इस प्रकार के मामले बड़े जोश के साथ दर्ज किए जाते हैं लेकिन जांच एजेंसियों के पास अक्सर कोई सबूत नहीं होते और इसी कारण इसमें दोषसिद्धि कि दर अत्यंत कम रहती है।। यह कानून मूल रूप से लोगों में भय पैदा करता है और असंतोष को दबाने में सफल होता है। दरअसल यह कानून एक औपनिवेशिक विरासत है जिसे लागू करके औपनिवेशिक शक्तियों ने अपनी प्रजा को दबाने की कोशिश की थी। महात्मा गांधी भी इस कानून की सजा पाने वालों में से एक थे। राजद्रोह के कानून पर लॉ कमीशन ने 2018 में स्पष्ट किया था कि लोकतंत्र में एक ही गीत की किताब से गाना देशभक्ति का पैमाना नहीं है और लोगों को अपने तरीके से अपने देश के प्रति अपना स्नेह दिखाने के लिए स्वतंत्र होना चाहिए और ऐसा करने के लिए सरकार की नीति में खामियों की ओर इशारा करते हुए कोई रचनात्मक आलोचना या बहस की जा सकती है। कमीशन के अनुसार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार के हर गैर-ज़िम्मेदाराना प्रयोग को राजद्रोह नहीं कहा जा सकता है। इस कानून के जनक यूनाइटेड किंगडम ने दस साल पहले ही इसे समाप्त कर दिया था। फिर भारत में इसे बनाये रखने का क्या औचित्य है? राजद्रोह का दायरा क्या होना चाहिए इन सब बातो को लेकर सरकारों को खुले दिमाग से सोचने कि आवश्यकता है किसी भी भय के माहौल में अभिव्यक्ति कि आजादी बेमानी हो जाती है। जब न्यायपालिका और विधि आयोग बार-बार इस कानून को लेकर संदेह प्रकट कर चुके है तो फिर इसे एक हथियार के रूप में बनाये रखने का औचित्य समँझ से परे है। आज देश में लोकतंत्र और उसकी परम्पराये इतनी आगे बढ़ चुकी है कि जन-प्रतिनिधियों से कठोर सवाल तो पूछे ही जायेंगे जो जरुरी भी है। जाति धर्म और क्षेत्रीय हितो के आधार पर एक बहुआयामी समाज में किसी न किसी वर्ग के द्वारा असंतोष प्रकट करना स्वाभाविक सी बात है। जन प्रतिनिधि सरकारों का यह दायित्व है कि उस असंतोष को दूर करे न कि एक भय का वातावरण निर्मित करे जिसमे सवाल-जवाब कि कोई गुंजाईश न हो। गौरतलब है कि भारत की स्वतन्त्रता के बाद संसदीय लोकतन्त्र अपनाये जाने के बाद भारतीय दंड संहिता विधान की धारा 124(ए) को बरकरार रखना इसलिए अनुचित था क्योंकि संसदीय प्रणाली के लोकतन्त्र में सत्ता या सरकार की कटु आलोचना से लेकर शासन की नीतियों के खिलाफ जन आन्दोलन चलाना इस प्रणाली का अन्तरंग हिस्सा था और पूरी तरह अहिंसक रास्ते से जनता का समर्थन प्राप्त करते हुए सरकार बदलना भी इसी लोकतन्त्र का राजनैतिक धर्म था। लोकतन्त्र में सरकार डंडे के बूते पर नहीं चलती बल्कि इकबाल यानि प्रतिष्ठा के भरोसे चलती है और संविधान द्वारा नियत किये रास्ते पर चलती है। इस प्रणाली में बेशक शासन चलाने का अधिकार जनता की मर्जी से ही पूरी राजनैतिक चुनावी प्रणाली का पालन करते हुए कुछ लोगों को मिलता है मगर वे शासक या हुक्मरान पारंपरिक राजसत्ता के नियमों के अनुसार नहीं होते बल्कि जनता द्वारा ही चुने गये ऐसे नुमाइन्दें होते हैं जो केवल पांच वर्ष के लिए सत्ता से जुड़े सभी प्रतिष्ठानों के अभिभावक होते हैं और लोगों की अमानत का संरक्षण करते हैं जिसे राष्ट्रीय सम्पत्ति कहते हैं। इस प्रकार लोकतन्त्र में मालिक नहीं होते बल्कि संरक्षक होते हैं। इसे इस प्रकार भी कह सकते हैं कि लोकतान्त्रिक पद्धति से चुनी गई सरकार किसी जागीर की मालिक नहीं होती बल्कि केवल प्रबन्धक होती है।

आज लोकतन्त्र की आधारशिला ही असहमति या मतभेद अथवा सकारात्मक विरोध होता है। यह विरोध संवैधानिक ही होता हैं क्योंकि इस प्रणाली के तहत जितनी भी राजनैतिक पार्टियां होती हैं वे केवल संविधान सम्मत ही हो सकती हैं और उनकी व्यवस्था व कार्यप्रणाली देखने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग के पास रहती है। सभी राजनैतिक दलों के कार्यकताओं को यहां तक कि सामान्य नागरिक को भी सरकार की आलोचना करने का अधिकार संविधान देता है मगर केवल अहिंसक तरीके से ही । हिंसा का प्रयोग करने पर या अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हिंसक तरीकों का प्रयोग करने पर तुरन्त भारत की दंड सहिता काम करने लगती है। इसके साथ समय-समय पर सरकारें ऐसे कानून भी लाती रहती हैं जिससे राष्ट्र विद्रोही गतिविधियों को रोका जा सके जैसे टाडा या पोटा अथवा वर्तमान में यूएपीए (गैर कानूनी प्रतिरोधक कानून)।

# दिल्ली में कोर्स से कटे इकबाल? पाकिस्तान बन गया था, सारे जहां से अच्छा

के. विक्रम राव

**अंततः** कवि मोहम्मद इकबाल को दिल्ली विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद ने राजनीति शास्त्र के पाठ्यक्रम से हटा ही दिया। बीए के छठे सेमेस्टर के पेपर में इसे आधुनिक भारतीय राजनीतिक विचार शीर्षक से शामिल किया गया था। यह देर से किया गया एक दुरूस्त निर्णय है। उर्दू और फारसी के इस शायर ने ही कभी लिखा था : सारे जहां से अच्छा, हिंदुस्तां हमारा। बाद में बदल कर लिखा : मुस्लिम हैं हम वतन हैं, सारा जहाँ हमारा। आसाँ नहीं मिटाना, नाम ओ निशाँ हमारा। खंजर हिलाल का, है कौमी निशाँ हमारा॥ अधुना इकबाल इस्लामी पाकिस्तान के राष्ट्रकवि हैं। मोहम्मद अली जिन्ना के आदर्श रहे। उन्हें पाकिस्तान की अवधारणा का शिल्पी भी माना जाता है। भारत के विभाजन के लिए मोहम्मद अली जिन्ना के बराबर ही मोहम्मद इकबाल को भी दोषी माना गया है।हालांकि मोहम्मद इकबाल का निधन 21 अप्रैल 1938 को हो गया था। पर उनकी प्रेरणा से ही 23 मार्च 1940 को अखिल भारतीय मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान की मांग का प्रस्ताव लाहौर अधिवेशन में रखा था। तभी यह स्वीकार हुआ था। इस प्रस्ताव के द्वारा ब्रिटिश भारत के उत्तर पश्चिमी पूर्वी क्षेत्रों में मुसलमानों के लिए स्वतंत्र रियासतों की मांग की गई थी। इन इकाइयों में शामिल प्रांतों को स्वायत्तता एवं संप्रभुतायुक्त बनाने की भी बात की गई थी। फिर यह संकल्पना भारत के मुसलमानों के लिए पाकिस्तान नाम के एक अलग स्वतंत्र स्वायत्त मुल्क बनाने की मांग में परिवर्तित हो गया। इस प्रस्ताव के उपलक्ष में प्रति वर्ष 23 मार्च को इस्लामी कौम में यौम-ए-पाकिस्तान (पाकिस्तान दिवस) के रूप में मनाया जाता है। क्या विरोधाभास है कि उनके मशहूर गीत सारे जहाँ से अच्छा और तराना-ए-हिन्दी, (उर्दू भाषा में लिखी गई देशप्रेम की एक गजल) भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ब्रिटिश राज के विरोध का प्रतीक बनी थी। इसे आज भी देश-भक्ति के गीत के रूप में भारत में गाया जाता है। अनौपचारिक रूप से भारत के राष्ट्रीय गीत का दर्जा प्राप्त है। इसे इकबाल ने 1905 में लिखा था और सबसे पहले सरकारी कालेज, लाहौर में पढ़कर सुनाया था। यह इकबाल की रचना बंग-ए-दारा में शामिल है। इकबाल लाहौर के सरकारी कालेज में प्राचार्य थे। जब उन्हें राष्ट्रभक्त लाला हरदयाल ने एक सम्मेलन की अध्यक्षता करने का निमंत्रण दिया तो कवि ने भाषण देने के बजाय यह गजल पूरी उमंग से गाकर सुनाई। सन 1950 के दशक में सितार-वादक पण्डित रवि शंकर ने इसे सुर-बद्ध किया था। जब इंदिरा गांधी ने भारत के प्रथम अंतरिक्षयात्री राकेश शर्मा से पूछा कि अंतरिक्ष से भारत कैसा दिखता है, तो शर्मा ने इस गीत की पहली पंक्ति कही थी। मगर अब ? एक त्रासदी का सूचक यह बन गया है। सर्वाधिक पीड़ादायक वृतांत तो इस महान कवि का यह रहा कि वे कट्टर अंधविश्वासी, मजहबी बने ही रहे। अल्लामा (विद्वान) इकबाल एक अनपढ़ जेहादी कातिल इल्मुद्दीन के नमाजे-जनाजा मे (31 अक्टूबर 1929) लाहौर में शरीक हुए थे। उनका मशहूर बयान था : (एक तारखान दा मुंडा, ए तो गाजी बन गया।) ओ पढ़े-लिखे लोगों ! एक बढ़ई के जवान बेटे ने हम सबको पीछे छोड़ दिया है। वे इस काष्टकार की खूनी औलाद इल्मुद्दीन के महान प्रशंसक और समर्थक वे बन गए थे। कौन था यह सिरफिरा हत्यारा ? इसकी शवयात्रा में मोहम्मद इकबाल के साथ कम्युनिस्ट शायर मियां मुहम्मदद्दीन तासीर भी थे। इन्हीं तासीर के बेटे थे मियां सलमान तासीर जो पंजाब (पाकिस्तान) के गवर्नर रहे। उन्हीं के अंगरक्षक मलिक मुमताज हुसैन कादरी ने उन्हें 2011 में गोलियों से भून दिया था, क्योंकि उनकी राजाज्ञा थी कि एक निरीह ईसाई महिला को ईशनिंदा के आरोप में फांसी न दी जाए। वे रहम करना चाहते थे। गवर्नर सलमान तासीर ने 1980 में भारतीय सिख पत्रकार तवलीन सिंह से निकाह किया था। उनका पुत्र लेखक आतिश तासीर लंदनवासी है। नरेंद्र मोदी सरकार ने उनकी अप्रवासी भारतीय नागरिकता निरस्त कर दी थी क्योंकि वे पाकिस्तान के समर्थक हैं। मृतक सलमान तासीर के चार अर्धांगिनियों से सात संताने हुई थी। प्रश्न है कि तासीर के सखा अल्लामा इकबाल इस हत्यारे इल्मुद्दीन के समर्थक क्यों बने ? इस बढ़ई जिहादी ने मशहूर-प्रकाशक राजपाल एंड संस के महाशय राजपाल की छुरे से हत्या कर दी थी। कारण ? राजपाल प्रकाशन ने एक किताब 1923 में प्रकाशित की थी। नाम था रंगीले रसूल। मगर इसके प्रकाशन के पहले, मुसलमानों की ओर से दो पुस्तकें प्रकाशित की गईं थी : कृष्ण तेरी गीता जलानी पड़ेगी और उन्नीसवीं सदी का महर्षि। उन दोनों पुस्तकों में योगेश्वर श्रीकृष्ण और महर्षि दयानन्द पर बहुत ही भद्दे और अश्लील शब्दों का प्रयोग किया गया था। इन दोनों पुस्तकों के प्रत्युत्तर में महाशय राजपाल जी ने ह्यरंगीला रसूलह्ण नाम की पुस्तक प्रकाशित की थी। इस पुस्तक के लेखक के नाम के स्थान पर दूध का दूध और पानी का पानी लिखा था। इन्हीं महाशय राजपाल के पुत्र थे दीनानाथ मल्होत्रा जो स्वतंत्रता सेनानी थे, यूनेस्को के सलाहकार थे। करीब 6,500 किताबें भी छापी। हिंद पॉकेट बुक के वे स्वामी थे। उनके संस्मरणों के नाम हैं : डेयर टू पब्लिश। अल्लामा इकबाल ने इल्मुद्दीन को शहीद करार दिया था। उसके वकील थे मोहम्मद अली जिन्ना जिन्हें इकबाल ही हत्यारे के बचाव में मुंबई से लाहौर हाईकोर्ट में लाए थे। इल्मुद्दीन को सैनिक तानाशाह जनरल मोहम्मद जियाउल हक ने शहीद का दर्जा दिया था। मियांवाली जेल में एक मस्जिद भी बनाई गई जिसे गाजी इल्म-उद-दीन शहीद इबादतगाह नाम दिया गया। तो यह है दास्ताने-इकबाल जिन्हें प्रचारित किया गया था कि वे हिंदुस्तान को ही दुनिया भर में सबसे अच्छा मानते थे। तब वे सेक्युलर थे, गंगाजमुनी थे, हिंदू-मुस्लिम भाईचारा के प्रतिपादक थे। न जाने क्या क्या थे ? फिर क्या हो गए ?



शहीद महाशय राजपाल. पाकिस्तान के जनक मो. इकबाल. कातिल इल्मुद्दीन.

# एक जीती-जागती लड़की का मृत्युभोज

अमरपाल सिंह वर्मा

**कल** एक व्हाट्स एप ग्रुप में शोक संदेश का एक कार्ड आया। शोक संदेश में एक लडकी की मौत होने और उसकी पीहर गौरणी यानी मृत्यु भोज का आयोजन होने का विवरण छपा था। शोक संदेश पर लडकी की तस्वीर भी थी। बहुत ही कमउम्र लडकी की मौत के इस शोक संदेश को पढकर दुख हुआ लेकिन जैसे ही कार्ड के साथ लिखी इबारत को पढ़ा तो मैं हैरान रह गया। आंखें आश्चर्य से खुली रह गईं क्योंकि यह मृत्यु भोज किसी लडकी की मौत पर नहीं बल्कि उसके जीते-जी किया जा रहा है। शोक संदेश में लडकी की मौत की तारीख एक जून 2023 लिखी है और मृत्यु भोज का आयोजन 13 जून को आयोजित किया गया है। यह मृत्यु भोज लडकी के दादा, पिता, चाचा, ताऊ और भाई कर रहे हैं। आपके मन में यह सवाल उठ रहा होगा कि एक जीवित लडकी का मृत्यु भोज किसलिए? यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है। इस प्रश्न का उत्तर पा कर आप भी उतने ही हैरान होंगे जितना मैं हो रहा हूं। यह मामला केवल हैरानी तक सीमित नहीं है बल्कि यह परेशान करने वाला है। इससे पता चलता है कि हमारा समाज आज भी किस मोड़ पर खड़ा है?

यह शोक संदेश राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के एक गांव से आया है। वहां की 18 साल की एक लडकी ने अपनी पसंद के लडके से विवाह रचा लिया और उसके इस अपराध की सजा उसे जीते-जीते मरा घोषित करके दी जा रही है। इस लडकी की सगाई गांव के ही एक लडके से हुई थी। किसी कारण परिजनों ने यह सगाई तोड़ दी लेकिन लडकी ने इसे मंजूर नहीं किया। वह उसी लडके से विवाह करने पर अड़ गई। परिजनों ने हामी नहीं भरी तो लडकी ने घर से भागकर लडके से शादी कर ली। परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई तो पुलिस ने लडकी को ढूंढकर बयान लिए। लडकी ने अपनी मर्जी से शादी करने की बात कह परिजनों के साथ जाने से इनकार कर दिया। लडकी का यह रवैया परिजनों को किस कदर नागवार गुजरा है, इसका अंदाजा इस शोक संदेश से लगाया जा सकता है। उन्होंने इसके विरोध में वही तरीका अपनाया, जो गांव-देहात में प्रचलित है यानी लडकी को मरा घोषित करके उसका मृत्युभोज कर देना। ऐसा करके लडकी के परिजनों ने अपनी पगड़ी की लाज को बचाने का कदम उठाया है। जब कोई लडकी भागकर शादी कर लेती है तो समाज उसके परिजनों को किस कदर शर्मिन्दा करता है, यह किसी से छिपा नहीं है। लडकी के भाग जाने की खबर सार्वजनिक होते ही लडकी के परिवार वालों पर थू-थू की जाने लगती है। इस मामले में भी यही हुआ। जब प्रिया नामक इस लडकी ने मनमर्जी से शादी रचाई तो किसी ने इसकी खुशी नहीं मनाई। परिवार पर यह खबर बिजली की तरह गिरी। उन्हें लगा कि वह किसी को चेहरा दिखाने के लायक नहीं रहे। अब वह दुनिया के सामने क्या मुंह लेकर जाएंगे? गांव के पंच-पटेलों ने भी जलती में घी का काम किया। इसका नतीजा जीती-जागती लडकी के शोक संदेश के रूप में सामने है। यह अपनी तरह का कोई पहला मामला नहीं है। लडकी के अपनी मर्जी से शादी कर लेने पर गांव-देहात में ऐसी प्रतिक्रियाएं अक्सर सुनने को मिलती रहती हैं। पहले ऐसी बातें अखबारों की सुर्खियां नहीं बनती थीं लेकिन सोशल मीडिया के दौर में अब ऐसी बातें फौरन घर-घर तक पहुंच जाती हैं। दो-तीन साल पहले मध्यप्रदेश में मंदसौर के पास एक गांव की 19 साल की शारदा ने अपनी पसंद के लडके विवाह किया तो उसके परिजनों ने भी वही कुछ किया था, जो अब प्रिया के परिजन करने जा रहे हैं। सवाल उठता है कि आखिर ऐसा करके किसी को मिलेगा क्या? दरअसल, भागकर शादी करने वाली लड़कियों के परिजन उनके जीते-जी मृत्युभोज करके अपनी नाक ऊंची फिर से करना चाहते हैं।

# कैसे जीवन से बचेगा पर्यावरण

**जोबीज हमारे पुरखों ने बोये हैं, उनकी बराबरी कर सके ऐसी कोई चीज देखने में नहीं आई- महात्मा गांधी**

**गांधी** ने जिस वक्त 'हिन्द स्वराज' लिखी तब एक औसत हिन्दुस्तानी के जीवन में नीतियां, ध्येय, नैतिकता, स्वतंत्रता, अभिमान, शिक्षा, सुख-दुख, अमीरी-गरीबी, ज्ञान-अज्ञान, फर्ज, अनुभव, शारीरिक श्रम आदि के कुछ दूसरे ही अर्थ थे। यह अर्थ आजादी के आते-आते और गांधी के जाने तक बदल चुके थे। आज उनके द्वारा बताई सभ्यता से हम वहां तक आगे बढ़ चुके हैं जहां से लौटना संभव नहीं है। जोबीज हमारे पुरखों ने बोये हैं, उनकी बराबरी कर सके ऐसी कोई चीज देखने में नहीं आई। रोम मिट्टी में मिल गया, ग्रीस का सिर्फ नाम ही रह गया, मिस्त्र की बादशाही चली गई, जापान पश्चिम के शिकंजे में फंस गया और चीन का कुछ भी कहा नहीं जा सकता, लेकिन गिरा-टूटा जैसा भी हो, हिन्दुस्तान आज भी अपनी बुनियाद में मजबूत है।' 'हिन्दुस्तान पर आरोप लगाया जाता है कि वह ऐसा जंगली, ऐसा अज्ञानी है कि उससे जीवन में कुछ फेरबदल कराये ही नहीं जा सकते। यह आरोप हमारा गुण है, दोष नहीं। अनुभव से जो हमें ठीक लगा है, उसे हम क्यों बदलेंगे? बहुत से अकल देने वाले आते-जाते रहते हैं, पर हिन्दुस्तान अडिग रहता है। यह उसकी खूबी है, यह उसकी आशाओं का शरण-स्थल है।' 'सभ्यता वह आचरण है जिससे आदमी अपना फर्ज अदा करता है। फर्ज अदा करने के मानी हैं नीति का पालन करना। नीति के पालन का मतलब है अपने मन और इन्द्रियों को बस में रखना। ऐसा करते हुए हम अपने को पहचानते हैं। यही सभ्यता है। इससे जो उलटा है वह बिगाड़ करने वाला है। इसलिए हमारे पुरखों ने भोग की हद बाँध दी। बहुत सोचकर उन्होंने देखा कि सुख-दुःख तो मन के कारण हैं। अमीर अपनी अमीरी की वजह से सुखी नहीं है, गरीब अपनी गरीबी के कारण दुखी नहीं हैं। अमीर दुखी देखने में आता है और गरीब सुखी देखने में आता है। करोड़ों लोग तो गरीब ही रहेंगे। ऐसा देखकर उन्होंने भोग की वासना छुड़वाई।' 'हजारों साल पहले जो हल काम में लिया जाता था, उससे हमने काम चलाया। हजारों साल पहले जैसे झोपड़े थे, उन्हें हमने कायम रखा। हजारों साल पहले जैसी हमारी शिक्षा थी वही चलती आई।

## पर्यावरण संरक्षण-संवर्धन की दिलाई शपथ, जागरुकता को निकाली साइकिल रैली




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रभारी यातायात मनोज कुमार एवं यातायात पुलिस ने थानाध्यक्ष महिला श्रीमती शालिनी भदौरिया की मौजूदगी में आमजनता को पर्यावरण के प्रति जागरुक किया।

सोमवार को उन्होंने साइकिल रैली निकाली। साइकिल रैली में एनसीसी कैडेट्स, चित्रकूट इण्टर कालेज के छात्र एवं यातायात पुलिस कर्मियों ने हिस्सा लिया। ये साइकिल रैली पटेल तिराहे से शुरू होकर एलआईसी तिराहे से होकर जिला स्पोर्टस स्टेडियम पहुंचकर समाप्त हुई।

इस दौरान पर्यावरण की बाबत लोगों को जागरुक किया। पर्यावरण की महत्ता की बाबत विस्तृत से बताया। मानव जीवन में स्वास्थ और हरित पर्यावरण के महत्व के बारे में वैश्विक जागरुकता फैलाने को प्रतिवर्ष पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। पर्यावरण की सुरक्षा करने की जिम्मेदारी सभी लोगों की है। सबका दायित्व है कि जंगलों व पेड़ों के कटने से बढ़ने वाली ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव से बचने को ठोस कदम उठायें। पर्यावरण संरक्षण में महत्वर्पूण योगदान सभी लोगों को देना चाहिये। प्राकृतिक वातावरण पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व में बड़ी भूमिका निभाता है। यह मनुष्यों, पशुओं और अन्य जीवित चीजों को बढ़ने और स्वाभाविक रूप से विकसित होने में मदद करता है।

जिला स्पोर्टस स्टेडियम में रैली में हिस्सा लेने वाले सभी छात्रों एवं पुलिस कर्मियो को धरती को हरा-भरा बनाने एवं भावी पीढ़ियों को प्रदूषण मुक्त और सुरक्षित जीवन देने को पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलायी।

## शादी न करने पर मांगें दो लाख रुपये

**उरई(जालौन) ।जनपद** जालौन क्षेत्र थाना एट के ग्राम सोमई निवासी एक व्यक्ति ने बेटे की शादी तय करने आये कन्या पक्ष वालों ने शैक्षिक योग्यता छिपाने पर प्रार्थिनी ने शादी से इंकार कर दिया।तो दो लाख रुपये देने का झूठा शिकायती पत्र देने पर पीड़िता ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला राजेन्द्रनगर करमेर रोड वनविभाग के पीछे उरई निवासिनी श्री मती गीता अहिरवार पत्नी महेशचंद्र ने डीएम व एसपी को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि विगत 26 दिसंबर 22 को गोविंद अहिरवार निवासी द्वारा शादी तय की थी जिसमें पिता द्वारा पुत्री की शैक्षिक योग्यता छिपा कर शादी तय की गई।जब लड़के के पिता को पता चला तो लड़के ने शादी करने से इंकार कर दिया गया। तो लड़की के पिता द्वारा शादी न करने पर दो लाख रुपये की मांग की है।रुपये न देने पर मुकदमा लिखाने की धमकी दी गई।

## हाईस्कूल के मेधावियों को किया गया सम्मानित

**उरई(जालौन)। पुलिस अधी**क्षक डॉ. ईरज राजा ने कहा कि माता पिता अपनी इच्छा बच्चों को थोपने की बजाय बच्चों की इच्छा के अनुसार उन्हें शिक्षा दें ताकि वह पढ़ाई मन लगाकर कर सके। मन लगाकर की गई पढ़ाई में सफलता मिलती है। वह रविवार को इनफिनिटी विजन संस्था की ओर से आयोजित मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के नाते संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उन्होंने हाईस्कूल के 80 फीसदी से अधिक अंक लाने वाले 142 छात्र-छात्राओं सम्मानित किया गया।

## गढ़मलपुर गांव में सरकारी धन जांच करने पहुंचे समाज कल्याण अधिकारी

**पूर (बलिया) पंदह ब्ला**क के ग्राम पंचायत गढ़मलपुर में विकास कार्यों में सरकारी धन के गबन की शिकायत पर जिला समाज कल्याण अधिकारी विनोद कुमार सिंह जांच को पहुंचे। उन्होंने शिकायतों के बिंदुओं की पड़ताल की। बताया कि रिपोर्ट डीएम समेत उच्चाधिकारियों को उपलब्ध करा दी जाएगी।ग्राम पंचायत के अंकुर तिवारी, कमरुद्दीन व वरुण यादव ने डीएम व सीडीओ के साथ ही मंडलायुक्त समेत मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा विकास कार्यों में अनियमितता कर लाखों रुपये के फर्जी भुगतान का आरोप लगाया था। शिकायतकताओं ने ग्राम पंचायत में स्थित तीन प्राथमिक विद्यालयों पर दिव्यांग शौचालयों, कायाकल्प में बालिका शौचालयों के नाम पर फर्जी भुगतान, ह्यूम पाइप के नाम पर 1 लाख 48 हजार व स्ट्रीट लाइट के नाम पर 2 लाख 55 हजार रुपये का भुगतान बिना जिओ टैग के करने की शिकायत की थी। यह भी कहा था कि हाईमास्ट लाइट लोकल कम्पनी का लगाकर भुगतान स्टैंडर्ड कम्पनी के दर पर किया गया। वाटर सप्लाई के नाम पर भी 1 लाख 70 हजार रुपये का फर्जी भुगतान किया गया है। पंचायत भवन, नाली निर्माण अधिकारी पहुंचे।इंटरलॉकिंग, खड़ंजा के नाम पर भी घालमेल का आरोप लगाया था। कहा था कि मनरेगा योजना में फर्जी मजदूरों को भुगतान किया गया है। जॉब कार्ड ऐसे लोगों के बनाये गए हैं जो उसके पात्र नही है।मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश व डीएम के आदेश पर जिला समाज कल्याण अधिकारी जांच पर आए थे।

## पुलिस अमले में सुधार लाकर जनपद वासियों का दिल जीता हर कोई जादौन की भूरी प्रशंसा करते दिखाई दे रहे

**नगीना। पुलिस अ**धीक्षक नीरज कुमार जादौन ने पीड़ितों को न्याय और पुलिस अमले में सुधार लाकर जनपद वासियों का दिल जीता हर कोई जादौन की भूरी प्रशंसा करते दिखाई दे रहे हैं और लोग कह रहे हैं कि पुलिस अफसर हो तो नीरज कुमार जादौन जैसा। मालूम हो कि पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन से पूर्व जिले भर में पुलिस प्रशासन का ढर्रा बहुत ही निराशाजनक और बदनाम होकर रह गया था एक शिकायती पत्र के निपटारे में 20 से 50 हजार रुपए की बोली लगती थी अधिकांश पीड़ितों को न्याय मिलना तो दूर की बात थानों और पुलिस चौकियों पर सम्मान तक नसीब नहीं होता था जो भी पीड़ित व्यक्ति अपनी फरियाद लेकर थाने या पुलिस चौकियो पर जाता था उसको न्याय नहीं पुलिसकर्मी की फटकार मिलती थी अपमान मिलता था डरा धमकाकर थानों से भगा दिया जाता था और वह पीड़ित लाचार मायूस होकर अपने घर चला जाता था फिर उसकी हिम्मत तक नहीं होती थी की वह उच्च अधिकारियों तक पहुंचे थाने के अधिकारी के अलावा दरोगा और सिपाही तक खुलेआम सुविधा शुल्क लिए बिना कदम और कलम नहीं चलाते थे। जिस कारण पीड़ितों और इज्जतदार लोगों ने पुलिस थानों मैं जाना बंद कर दिया था।

# मुख्तार की बहू से जेल मिलन कांड में सपा नेता का घर ढहाया

## दो जेसीबी से प्रशासन ने गिराया फराज का घर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पूर्वांचल के माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे से जिला कारागार रगौली में बहू की बेरोकटोक मुलाकात कराने में प्रमुख मददगार रहे सपा नेता के मकान का एक हिस्सा प्रशासन ने जेसीबी से ढ़हा दिया। विकास प्राधिकरण ने ढाई माह पहले सपा नेता के पिता की मंजूर नक्शे से हटकर हाईवे की ओर कराए निर्माण को हटाने की नोटिस दी थी, लेकिन अभी तक मामला ठंडे बस्ते में था।




सोमवार को प्रशासन ने सपा नेता फराज खान के घर को ढहाने की कार्यवाही की। पुरानी बाजार स्थित सपा के पूर्व जिला महासचिव फराज खान का नाम माफिया मुख्तार के विधायक बेटे अब्बास अंसारी व बहू निखत बानो की जिला कारागार में बेरोकटोक मुलाकात मामले में प्रमुख मददगार तौर पर सामने आया था। सपा नेता की गिरफ्तारी के बाद मकान को लेकर जिला प्रशासन ने छानबीन शुरू कर दी थी। 24 मार्च को चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने सपा नेता के पिता मुन्ने खां को नोटिस जारी किया था। जिसमें अनाधिकृत तौर पर कराए निर्माण को 24 घंटे के भीतर हटाने का अल्टीमेटम दिया था। हाईवे के किनारे बने मकान की अगली दीवार से अंदर की ओर कुछ हिस्सा नक्शे से हटकर बना था। पिछले 27 मई को एक बार एसडीएम सदर राज बहादुर, सीओ सिटी हर्ष पांडेय, कोतवाल कर्वी गुलाब त्रिपाठी कई थानों का फोर्स लेकर पहुंचे थे। नगर पालिका कर्मचारियों की टीम के जरिए सपा नेता के मकान में आगे वाले कमरों में रखा सामान हटवाया गया। छत को ग्रिल के जरिए काटा गया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में दो जेसीबी सपा नेता के अनाधिकृत बने ट्रैफिक चैराहे से पुरानी बाजार की ओर जाने वाले वाहनों का रुट डायवर्जन भी यातायात पुलिस ने किया।

मुख्तार की बहू निखत बानो दस फरवरी को जेल में बंद पति अब्बास अंसारी से बिना इंट्री मुलाकात में जेल के भीतर पकड़ी गई थी।

## पंकज बने चेयरमैन प्रत्याशी: सामन्ती लोगों को लगा झटका

### फेसबुक में देने लगे बधाइयां

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा नेता पंकज अग्रवाल के जिला सहकारी बैंक बांदा-चित्रकूट के चेयरमैन पद का प्रत्याशी घोषित होने पर बांदा-चित्रकूट के सामन्ती अवशेषों को करारा झटका लगा है। अब सामन्ती अवशेषों ने पैंतरा बदल लिया है। वे पंकज अग्रवाल को बधाई देने में जुट गये हैं।

बांदा-चित्रकूट के सामन्ती अवशेषों/तथाकथित भाजपा नेताओं ने भाजपा नेता पंकज अग्रवाल को जिला सहकारी बैंक का चेयरमैन न बनने देने को काफी उठा-पटक की थी, लेकिन जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव के पंकज के पक्ष में रहने से



किसी की एक न चली। तथाकथित भाजपा नेता नगनेधी के जिस दबंग को जिला सहकारी बैंक का चेयरमैन बनवाना चाहते थे, उस दबंग की पूरी कलई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष खोली जा चुकी है। ऐसे में तथाकथित भाजपा नेता अब लोकसभा में अपना टिकट कटने के भय से पंकज अग्रवाल को प्रत्याशी बनाये जाने पर फेसबुक पर बधाइयां दे रहे हैं।

ऐसे नेता पंकज अग्रवाल को बधाइयां तो फेसबुक पर दे रहे हैं, लेकिन वह अपनी खीझ भी मिटा रहे हैं कि उनका कोई हाथ नहीं है। हकीकत तो बांदा-चित्रकूट जिले के लोग जान ही गये हैं कि एक ही थैली में गुड फोडने वाले बांदा-चित्रकूट के दो नवोदित भाजपा नेता की मानसिकता विशुद्ध तौर पर सामन्ती है। इसी मानसिकता के चलते वे इधर-उधर डोलते ही आ रहे हैं। वे कहीं पर भी स्थायी तौर पर नहीं टिके हैं। कभी उनका घर ये था तो कभी वो था। फिलहाल उन्हें भाजपा नेता पंकज अग्रवाल के प्रत्याशी बनने से तगडा झटका लगा है।

इधर, पंकज अग्रवाल के समर्थक भाजपाइयों में खुशी की लहर छायी है। खुशी जताते हुए पहाडी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, नगर पालिका कर्वी चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि पंकज को जिला सहकारी बैंक का चेयरमैन पद का प्रत्याशी बनाकर शीर्ष नेतृत्व ने सही कदम उठाया है। शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया है।

## एसपी ने पुलिस कार्यालय में लगाया आम का पेड

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विश्व पर्यावरण दिवस पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने पुलिस कार्यालय में आम का वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण का शुभारम्भ किया।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने सीओ लाइन्स/यातायात श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के साथ आम व जामुन के वृक्ष लगाये। क्षेत्राधिकारी एलआईयू अनुज कुमार मिश्र ने सागौन का वृक्ष लगाया। कार्यालय में नियुक्त सभी अधिकारी/कर्मचारियों ने अलग-अलग वृक्ष लगाये।

पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय में तैनात सभी अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने वृक्षों की देखभाल खुद करेंगे। वृक्ष को सभी लोग प्रतिदिन पानी देंगे और समय पर निराई-गुडाई करेंगे। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह, प्रभारी सोशल मीडिया



सेल विजय सिंह, वाचक पारितोष दीक्षित, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी मऊ राज कमल ने मऊ थाना परिसर में सागौन का वृक्ष लगाया। प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह की अगुवाई में पुलिस लाइन के अधिकारी/कर्मचारियों ने पुलिस लाइन परिसर में वृहद वृक्षारोपण किया। प्रभारी यातायात मनोज कुमार ने यातायात कार्यालय कालूपुर में वृक्षारोपण कराया। जिले के सभी थाना/चैकियों में थाना-चैकी प्रभारियों ने वृक्षारोपण किया।

## व्यक्तिगत जीवन में प्लास्टिक का प्रयोग करें बन्द: सीडीओ

### सीडीओ ने पर्यावरण दिवस पर लोगों को किया सचेत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने विश्व पर्यावरण दिवस पर कहा कि पूरे विश्व में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। सभी कार्यालयाध्यक्षों से कहा कि जो भी कार्यक्रम करायें, उसमें प्लास्टिक का प्रयोग न करें। व्यक्तिगत जीवन व कार्यालय में इसका प्रयोग बंद करेंगे तो ये स्वतः बंद होगा।

सोमवार को सीडीओ अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में कलेक्टेज्ट सभागार में पर्यावरण समारोह मनाया गया। उन्होंने कहा कि कोई भी सामान लेने जाए तो झोला लेकर जाएं। शासन ने भी प्लास्टिक मुक्ति अभियान चलाने के निर्देश दिये। आमजनता में इसका अधिक से अधिक प्रचार करायें, तभी पर्यावरण का संरक्षण कर सकते हैं। सभी विभाग जिनको पौधारोपण का लक्ष्य दिया गया है, अधिक से अधिक पौधारोपण करायें।




उपनिदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व/प्रभागीय वनाधिकारी पीके त्रिपाठी ने कहा कि पांच जून को पूरे विश्व में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरूआत 1972 से हुई, जिसमें पहला विश्व पर्यावरण दिवस 1974 में मनाया गया था। जो आज पूरे विश्व में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने आमजनता से अपील किया कि पर्यावरण की सुरक्षा संरक्षण बनाए रखें। पौधारोपण की भी शुरूआत आज से करने जा रहे हैं। जिले के सभी वन विभाग की नर्सरियों में लगभग 80 लाख पौधे हैं। बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी शासन से पौधरोपण का लक्ष्य मिलेगा। सभी लोग अपने जीवन से प्लास्टिक को मुक्त करने को सिंगल यूज प्लास्टिक कैसे खत्म हो, अपने जीवन से जोड़कर कार्य करें, तभी प्लास्टिक से मुक्ति पाएंगे। पुराने कपड़ों के झोले बनवाकर प्रयोग करें। वन विभाग भी झोला वितरण कराएगा, इसकी व्यवस्था कराई जा रही है। उन्होंने सभी विभागों से कहा कि जो पौधरोपण का लक्ष्य शासन से मिला है, उसी अनुसार पौधारोपण को अभी से गड्ढा खोदना शुरू करा दिया जाए, ताकि बारिश शुरू होते ही पौधरोपण हो सके। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों/कर्मचारियों को विश्व पर्यावरण दिवस पर शपथ दिलाई। मुख्य विकास अधिकारी समेत जिला स्तरीय अधिकारियों-कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण भी किया। इस मौके पर एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम रामजन्म यादव, डीपीआरओ कुमार अमरेंद्र, डीआईओएस देवेंद्र स्वरूप, डीओ राजेंद्र प्रसाद, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, उप प्रभागीय वनाधिकारी हरिशंकर सिंह, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी मानिकपुर आदि मौजूद रहे।

## सीडीओ ने कहा कि लोगों की निपटायें समस्यायें



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कलेक्ट्रेट में स्थापित कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण कर कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों से पेयजल समस्या, आयुष्मान कार्ड की प्रगति, किसान सम्मान निधि आदि की जानकारी ली।

सोमवार को उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र से कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने में जिन ग्राम पंचायतों के पंचायत सहायकों का कार्य शून्य हो तो उनका मानदेय काटा जाए। सभी पंचायत सहायकों को निर्देश दें कि अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाएं। कंट्रोल रूम के संबंधित कर्मचारियों से कहा कि जो पेयजल से संबंधित शहर एवं ग्रामीण की समस्या मिल रही है उसे तत्काल हल करने को संबंधित अधिकारियों को बतायें। समस्या निस्तारण का फीडबैक लिया जाए।

उन्होंने कहा कि शहर की पेयजल समस्याओं की जानकारी अधिशासी अभियंता जल निगम को दी जाये। ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी तथा संबंधित खंड विकास अधिकारियों को दी जाए। कंट्रोल रूम में जो भी समस्याएं मिलती हों उन समस्याओं को तत्काल संबंधित अधिकारियों को बतायें। निस्तारण की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करायें। निरीक्षण में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम रामजन्म यादव, डीपीआरओ कुमार अमरेंद्र आदि मौजूद रहे।

## तीस जून तक होगी दलहन फसलों की खरीद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने बताया कि जिले में रबी खरीद वर्ष 2023-24 के तहत सरकारी तिलहन/दलहन खरीद केन्द्रों पर किसानों से चना, मसूर एवं सरसों खरीदा जा रहा है। किसानों से चना, मसूर एवं सरसों की खरीद करने को क्रय संस्था पीसीएफ ने मंडी परिसर कर्वी एवं बसिला मंडी भौरी में दो क्रय केन्द्र खोले हैं।

सोमवार को उन्होंने बताया कि चार जून तक दो क्रय केन्द्रों पर 11 किसानों से 10.70 एमटी चना एवं पांच किसानों से कुल 8.65 एमटी मसूर की खरीद की जा चुकी है। किसानों से कहा कि सरकार से संचालित क्रय केन्द्रों पर चना, मसूर एवं सरसों लाकर बेच सकते है। सरकार ने इस वर्ष चना का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5335 रुपए प्रति कुन्तल, सरसों का मूल्य 5450 रुपए प्रति कुन्तल एवं मसूर का न्यूनतम समर्थन मूल्य 6000 रुपए प्रति कुन्तल निर्धारित किया है। इन केन्द्रों पर किसान बन्धुओ को फसल बेचने में कोई समस्या होती है तो वे जिला प्रबन्धक पीसीएफ के मोबाइल नम्बर 6392078058 एवं 9889646831 पर सम्पर्क कर सकते है। क्रय केन्द्र प्रभारी कर्वी मंडी परिसर का मोबाइल नम्बर 8765985027 एवं क्रय केन्द्र प्रभारी बसिला भौरी के मोबाइल नम्बर 6307062873 है। किसानों को उनकी उपज का भुगतान बैंक खाते में आरटीजीएस से किया जाता है। किसान क्रय केन्द्रों पर तिलहन/दलहन की फसल बेचने के समय आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी एवं फसल वर्ष 1430 का खसरा लायें। क्रय केन्द्रों पर चना, मसूर एवं सरसों की खरीद 30 जून तक की जायेगी।

## दस लीटर महुआ शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में चैकी प्रभारी जिला कारागार रगौली श्यामदेव सिंह की टीम ने रामरुप पटेल पुत्र स्व सत्यनारायण निवासी कंठीपुर को दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी श्यामदेव सिंह, सिपाही शिवपूजन शामिल रहे।

## थोक किराना दुकान में लगी आग से चार करोड़ की क्षति, दुकान में रखा सभी सामान हुआ स्वाहा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में नगर के सदर रोड कलेक्ट्रेट मार्ग मिशन अस्पताल के सामने थोक किराना की दुकान में लगी आग से तकरीबन चार करोड़ का सामान जलकर स्वाहा हो गया। दमकल टीमों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सारा माल जल चुका था।

सोमवार को तडके ढाई बजे ये अग्निकांड हुआ। बताया गया कि व्यापारी सुशील शिवहरे को पड़ोसियों ने बताया कि उनकी दुकान से धुआं निकल रहा है। दुकान के ऊपरी मंजिल में रह रहे व्यापारी ने सबसे पहले अपनी दोनों बच्चियों और पत्नी को लेकर छत के रास्ते पड़ोसियों की छत पर पहुंचे। परिवार को सुरक्षित करने के बाद व्यापारी ने परिजनों को जानकारी दी। सूचना पाकर पहुंची दमकल टीम ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

सुशील शिवहरे थोक किराना व्यापारी हैं। लगभग 25 कंपनियों का उनके यहां से व्यापार होता है। व्यापारी के यहां अग्निकांड में लगभग चार करोड रुपए की क्षति हो गई है। सूचना पर सदर लेखपाल महेंद्र सिंह ने क्षति का जायजा लिया। तमाम क्षेत्रीय व्यापारी और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे।

## नेपाल में फिलहाल लागू नहीं होगा नागरिकता संशोधन कानून, सुप्रीम कोर्ट ने लगाई अंतरिम रोक

**काठमांडू।** नेपाल में राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद नागरिकता संशोधन विधेयक ने भले ही कानून का रूप ले लिया हो, लेकिन फिलहाल यह अभी लागू नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को नागरिकता संशोधन कानून को लागू नहीं करने का एक अल्पकालिक अंतरिम आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के प्रवक्ता बिमल पौडेल के मुताबिक जस्टिस डॉ. मनोज कुमार शर्मा की एकल पीठ ने नागरिकता कानून को लागू नहीं करने का



अल्पकालिक अंतरिम आदेश जारी किया गया है। नागरिकता संशोधन विधेयक को मंजूरी देने के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए मामले के सभी संबंधित पक्षों को तलब करने के साथ ही इस कानून को लागू नहीं करने को लेकर एक अल्पकालिक अंतरिम आदेश भी दिया है। पिछली प्रतिनिधि सभा ने 2022 में नागरिकता संशोधन विधेयक पारित किया था और तत्कालीन राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने इस पर हस्ताक्षर करने से इनकार करते हुए इसे सरकार को लौटा दिया था। इस विधेयक को मौजूदा राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने 31 मई को मंजूरी दी थी।

## वॉशिंगटन डीसी के ऊपर दिखा अज्ञात विमान, एफ-16 ने पीछा किया तो दुर्घटना का हुआ शिकार, चार लोग थे सवार

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी के ऊपर एक अज्ञात विमान उड़ता दिखाई दिया। संवेदनशील इलाका होने के चलते अमेरिकी वायुसेना के एफ-16 जेट विमानों ने भी उड़ान भरी। एफ-16 ने अज्ञात विमान के पायलट से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन विमान से किसी तरह का कोई जवाब नहीं दिया गया। आखिरकार अज्ञात विमान वॉशिंगटन डीसी के नजदीक स्थित वर्जीनिया के जंगलों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अमेरिकी वायुसेना का कहना है कि उन्होंने विमान को निशाना नहीं बनाया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एफ-16 जेट ने सुपरसोनिक स्पीड से उड़ान भरी, जिससे वॉशिंगटन डीसी में विमान की तेज ध्वनि सुनी गई और लोग घबरा गए। यूएस नॉर्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड ने बयान जारी कर कहा है कि एफ-16 जेट ने विमान के पायलट का ध्यान बंटाने के लिए आग की लपटे भी छोड़ी लेकिन सारी कोशिशें बेकार गईं। वहीं अज्ञात विमान के अचानक संवेदनशील क्षेत्र में उड़ान भरने के कारण अमेरिकी संसद और राष्ट्रपति भवन में अलर्ट जारी कर दिया गया था। राष्ट्रपति जो बाइडन को भी इसके बारे में जानकारी दी गई है। अब मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त हुआ विमान सेसेना 560 सिटेशन वी, विमान था और वह रविवार शाम करीब 3.20 बजे वर्जीनिया के जॉर्ज वॉशिंगटन नेशनल फॉरेस्ट में क्रैश हो गया। हादसे के वक्त विमान में चार लोग सवार थे, जिनके बारे में अभी तक पता नहीं चल पाया है। वर्जीनिया स्टेट पुलिस दुर्घटनाग्रस्त विमान की तलाश में खोजी अभियान चला रही है।

## नेपाल में घटी हिंदुओं की आबादी, मुसलमानों और ईसाइयों की बढ़ी

**काठमांडू।** नेपाल में पिछले एक दशक में हिंदुओं व बौद्धों की आबादी में मामूली गिरावट आई है, जबकि मुसलमानों व ईसाइयों की जनसंख्या बढ़ी है। केंद्रीय सांख्यिकी ब्यूरो की तरफ से शनिवार को जारी जनगणना-2021 की रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल में बहुसंख्यक हिंदुओं की कुल आबादी में हिस्सेदारी 81.19 प्रतिशत है। देश में 2,36,77,744 लोग हिंदू हैं। बौद्ध दूसरे स्थान पर आते हैं, जिनकी कुल जनसंख्या में हिस्सेदारी 8.2 प्रतिशत है और उनकी आबादी 23,94,549 है। 14,83,060 मुसलमान हैं, जिनकी कुल जनसंख्या में हिस्सेदारी 5.09 प्रतिशत है। रिपोर्ट बताती है कि पिछले दशक में हिंदुओं की आबादी में 0.11 प्रतिशत व बौद्धों की जनसंख्या में 0.79 की गिरावट दर्ज की गई है। दूसरी तरफ, मुसलमान, किराट व ईसाइयों की आबादी क्रमशः 0.69, 0.17 व 0.36 प्रतिशत बढ़ी है। 2011 की जनगणना के अनुसार, नेपाल में हिंदुओं की आबादी 81.3 प्रतिशत तथा बौद्धों की 9 फीसदी थी। मुसलमान 4.4 प्रतिशत, किराट 3.1 फीसदी तथा ईसाई 0.1 प्रतिशत थे। एजेंसी नेपाल में मुस्लिम तीसरी सबसे बड़ी आबादी है। चौथे नंबर पर कुल जनसंख्या में 3.17 प्रतिशत की भागीदारी रखने वाले किराट आते हैं। पांचवें पर 5,12,313 जनसंख्या वाले ईसाई आते हैं, जिनकी कुल आबादी में 1.76 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## इमरान खान के खिलाफ सैन्य कोर्ट में सुनवाई संभव : रक्षा मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ नौ मई की घटनाओं को लेकर सैन्य कोर्ट में सुनवाई संभव है। इसकी पुष्टि रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने की। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री की नौ मई की घटनाओं में संलिप्तता के प्रमाण मिलने पर उनके खिलाफ सैन्य अदालत में सुनवाई हो सकती है। हालांकि, इमरान के विरुद्ध अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। रक्षा मंत्री से पहले गृह मंत्री राणा सनाउल्ला ने कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री नौ मई की घटना के सूत्रधार थे। नौ मई को इस्लामाबाद में इमरान की गिरफ्तारी के बाद उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ताओं ने सैन्य और सरकारी प्रतिष्ठानों पर हमले किए थे। तोड़फोड़ करने वालों के विरुद्ध कैबिनेट ने आर्मी एक्ट के तहत



मुकदमा चलाने की अनुमति दी थी। पाकिस्तान के राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को अल-कादिर यूनिवर्सिटी ट्रस्ट मामले में ट्रस्टी के रूप में सात जून को अपना बयान दर्ज कराने को कहा है। बुशरा बीबी का बयान एक गवाह के रूप में दर्ज किया जाएगा।

## वेनेजुएला में सोने की खदान में बाढ़ का पानी भरने से 12 मजदूरों की मौत

**प्यूर्टो ऑर्डाज।** वेनेजुएला में सोने की खदान में बाढ़ का पानी भरने के कारण 12 मजदूरों की मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि पीड़ितों के शव को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि दक्षिणी वेनेजुएला के बोलिवर राज्य में एल. कैलाओ में स्थित तालावेरा खदान में भारी बारिश के कारण बुधवार को बाढ़ आ गई। बचावकर्मी शनिवार से पहले बचाव कार्य पूरा नहीं कर सके। हालांकि, बोलिवर में नागरिक सुरक्षा के सचिव एडगर कॉलिना ने कहा कि खदान के ढहने से अन्य 112 लोगों को बचाया गया है। उन्होंने कहा कि इस हादसे में अन्य जीवित बचे लोगों या पीड़ितों की जांच के लिए अधिकारी साइट पर लौट आए। मालूम हो कि तालावेरा खदान में सुरंगों को सोने की तलाश में अनौपचारिक खनिकों



द्वारा अल्पविकसित तरीके से खोला जाता है। मालूम हो कि संयुक्त राष्ट्र ने पिछले साल अपने एक रिपोर्ट में कहा था कि वेनेजुएला के खनन क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों के मानवाधिकारों का लगातार उल्लंघन हो रहा है। मानवाधिकारों का वकालत करने वाले समूहों और अन्य संगठनों ने इस क्षेत्र में चेतावनी जारी की है।

## महिला कर्मी को धमकी देकर काम कराने व यौन शोषण में भारतीय नागरिक दोषी करार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में 70 वर्षीय एक भारतीय नागरिक को अपनी महिला कर्मचारी को धमकी देकर काम करवाने और यौन शोषण करने का दोषी करार दिया गया है। अमेरिका के न्याय विभाग द्वारा जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। जॉर्जिया के कार्टर्सविले में एक मोटल चलाने वाले श्रीश तिवारी ने पीड़िता को साफ-सफाई का काम करने के लिए रखा था। अदालती दस्तावेजों के हवाले से न्याय विभाग ने कहा कि तिवारी को पता था कि काम शुरू करने से पहले पीड़िता बेघर थी, वह नशा करती थी और अपने बच्चे की देखभाल का अधिकार भी खो चुकी थी। अमेरिका के स्थायी निवासी तिवारी ने पीड़िता से वादा किया था कि वह उसे वेतन, रहने के लिए घर और वकील मुहैया कराएगा और बच्चे की देखभाल का अधिकार वापस पाने में मदद




करेगा।बयान में कहा गया है कि अपना वादा पूरे करने की जगह तिवारी मोटल के अतिथियों और कर्मचारियों के साथ पीड़िता के बातचीत करने पर नजर रखता था और बाद में उसे अन्य लोगों के साथ बातचीत करने से मना कर दिया। तिवारी ने पीड़िता का यौन शोषण भी किया। तिवारी अक्सर उसे बाहर निकालने की धमकी भी देता था क्योंकि उसे पता था कि ऐसा करने से पीड़िता बेघर हो जाएगी।

तिवारी ने पीड़िता को धमकी भी दी थी कि वह नशा करने की उसकी पुरानी आदत के बारे में पुलिस और बाल कल्याण एजेंसियों को बता देगा।

बयान के अनुसार, बाद में तिवारी बार-बार पीड़िता को मोटल के उसके कमरे से निकाल देता और कई बार बिना किसी चेतावनी के उसके कमरे में ताला भी लगा देता था। बाद में तिवारी ने पीड़िता को यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। न्याय अधिकारियों ने बताया कि तिवारी को छह सितंबर को सजा सुनाई जाएगी। तिवारी को अधिकतम 20 साल कैद और 2,50,000 अमेरिकी डॉलर जुर्माने की सजा हो सकती है।

## ब्रिटेन में भारतीय मूल के व्यक्ति को धोखाधड़ी के जुर्म में तीन साल की कैद

**लंदन।** ब्रिटेन में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को संपत्ति खरीदने में लोगों की मदद करने के नाम पर करीब 16,000 पाउंड की धोखाधड़ी करने के जुर्म में तीन साल कैद की सज़ा सुनाई गई है। स्कॉटलैंड यार्ड के मुताबिक, जसपाल सिंह जुट्टला (64) ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है और उसके शिकार लोगों में ज्यादातर भारतीय मूल के लोग हैं। लंदन की आइलवर्थ क्राउन अदालत ने जुट्टला को धोखाधड़ी करने के जुर्म में सज़ा सुनाई। मेट्रोपोलिटन पुलिस ने एक बयान में कहा कि यह अपराध मई, 2019 से



जनवरी, 2021 के बीच हुआ था। जुट्टला ने पिछले साल अगस्त में अक्सब्रिज मजिस्ट्रेट अदालत में सुनवाई के दौरान अपना जुर्म कबूल किया था। बयान के मुताबिक, जुट्टला ने चार लोगों से आवास ऋण सलाहकार बनकर 15,970 पाउंड की ठगी की। मेट्रोपोलिटन पुलिस की केंद्रीय विशेषज्ञ अपराध इकाई में वित्तीय जांचकर्ता डिटेक्टिव कांस्टेबल अनीता शर्मा ने कहा कि जुट्टला ने बेहतरीन जीवनशैली के लिए धन हासिल करने के वास्ते अपने ही समुदाय के लोगों के साथ ठगी की। उन्होंने कहा कि जुट्टला का शिकार बने कुछ लोग ही सामने आए हैं, लेकिन ऐसे बहुत से लोग हो सकते हैं जिनके साथ जुट्टला ने ठगी की हो, लेकिन उन्होंने पुलिस से सपंर्क नहीं किया है।

## फ्लोरिडा गवर्नर ने 'वोक कल्चर' के खिलाफ लड़ाई का किया एलान, बोले- यहां खत्म हो जाएंगे ऐसे लोग

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के राज्य फ्लोरिडा के गवर्नर रोन देसांतिस ने वोक कल्चर के खिलाफ लड़ाई छेड़ने का एलान किया है। देसांतिस ने कहा कि उनके राज्य में वोक जल्द ही खत्म हो जाएंगे। बता दें कि जो लोग बहुत ज्यादा पाखंड करते हैं और हर बात में बौद्धिकता दिखाते हैं, उन्हें वोक कहा जाता है। फ्लोरिडा के गवर्नर ने वोक शब्द को परिभाषित करते हुए कहा कि यह एक तरह का सांस्कृतिक वामपंथ है और सच के खिलाफ लड़ाई है।

**क्या बोले फ्लोरिडा के गवर्नर**

एक इंटरव्यू के दौरान फ्लोरिडा के गवर्नर देसांतिस ने कहा कि वोक लोग योग्यता और उपलब्धियों से आगे पहचान को रखते हैं। देसांतिस का कहना है कि वोक कल्चर के चलते हमारे संस्थान और




समाज दूषित हो रहे हैं। देसांतिस ने कहा कि फ्लोरिडा वह राज्य होगा, जिसमें वोक खत्म हो जाएंगे। देसांतिस ने वोक कल्चर के खिलाफ लड़ने की बात कही।

फ्लोरिडा में वोक कल्चर को रोकने के लिए 'स्टॉप वोक एक्ट' भी पेश किया गया है। इस कानून के तहत वोक विचारधारा में किसी व्यक्ति को इतिहास में उसके पूर्वजों द्वारा की गई गलती के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। दासांतिस का दावा है कि वोकनेस से अमेरिकी सिद्धांतों और स्वतंत्रता को कमतर आंका जा रहा है।

**क्या है वोक कल्चर**

वोक शब्द का आसान अर्थ है जाग्रत या जागा हुआ व्यक्ति। साल 1940 में अमेरिका में पहली बार इस शब्द का इस्तेमाल, ऐसे लोगों के लिए किया गया था, जो सामाजिक अन्याय जैसे मुद्दों पर खासकर नस्लवाद की जानकारी रखता है। हाल के समय में नारीवाद, जलवायु परिवर्तन, एलजीबीटीक्यू आदि के मुद्दे पर भी अपने विचार रख रहे हैं। हालांकि वोक लोगों पर आरोप लग रहे हैं कि वह समाज में नफरत और भेदभाव को बढ़ा रहे हैं। आरोप हैं कि यह संस्कृति राष्ट्रीयता, धर्म जैसी चीजों को भी धुंधला कर रही है और एक तरह से तय सामाजिक ढांचे को चुनौती दे रही है। खासकर पश्चिमी देशों में यह संस्कृति तेजी से बढ़ रही है। इसके साथ ही इसकी आलोचना भी बढ़ रही है।

वोक लोगों द्वारा मांग की जा रही है कि ट्रांसजेंडर लोगों को खेलों में शामिल किया जाए। हालांकि इस मांग के विरोधियों का कहना है अगर ट्रांसजेंडर्स महिला खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे तो ट्रांसजेंडर्स को फायदा मिल सकता है, जो कि पक्षपातपूर्ण हो सकता है। वोक द्वारा ऐसी ही कई मांगें की जा रही हैं, जिनका विरोध हो रहा है।

## सुरक्षा परिषद की बैठक का उत्तर कोरिया ने किया विरोध, कहा- हमेशा अमेरिका के कहने पर करता है काम

**केपटाउन।** उत्तर कोरिया ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक की कड़ी निंदा की और उसे खारिज कर दिया। बैठक प्योंगयांग के असफल जासूसी उपग्रह लॉन्च करने पर रखी गई थी। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग और पार्टी के एक पदाधिकारी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र उनके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है। उन्होंने अमेरिका का विरोध करने की कसम खाई है। परिषद ने अमेरिका के अनुरोध पर सिर्फ कोरिया के सैटेलाइट



लॉन्चिंग के मुद्दे पर एक बैठक आयोजित की। इससे परिषद ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह एक कैसे एक देश के प्रोपेगैंडा के लिए काम करता है। किम ने कहा कि आज अलग-अलग उद्देश्यों से करीब 5000 सैटेलाइट आज धरती के चारों ओर हैं। यहां तक की अब निजी कंपनियां भी अंतरिक्ष में रुचि ले रही हैं। किम ने परिषद पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह एकतरफा उनकी संप्रभुता और विकास के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। यह बहुत खतरनाक है। इससे शक्ति का अंसतुलन हो सकता है।

**यह है पूरा मामला**

उत्तर कोरिया द्वारा लॉन्च किया गया मिसाइल 31 मई को फेल हो गया था और वह सीधे येलो सी में जा गिरा था। यह एक सैन्य जासूसी उपग्रह था, जो इंजन की समस्या के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नॉर्मल उड़ान के दौरान पहले चरण की सफलता के बाद दूसरे चरण में आते ही इंजन में दिक्कत आ गई थी, जिसके वजह से मिशन फेल हो गया। कोरिया का कहना है कि वे इस मिशन की सिरे से जांच करेंगे और सामने आई खामियों को दूसरी उड़ान से पहले सही करेंगे। वैज्ञानिकों का कहना है कि वह जल्द से जल्द दूसरी लॉन्चिंग करेंगे और इस बार पहली गलतियों से सीख लेंगे। उत्तर कोरिया ने अपने पश्चिमी तट के लॉन्चिंग स्टेशन से 6.27 बजे रॉकेट लॉन्च किया था।

**जापान ने किया था विरोध**

समुद्र में रॉकेट गिरने के कारण जापान और दक्षिण कोरिया ने आपातकालीन चेतावनियां जारी की थी। दोनों देशों ने अपने नागरिकों से कहा था कि अगर आप लोग घरों से बाहर हैं तो जल्द घर पहुंचने की कोशिश करें और अपने आप को कवर करें। जापानी पीएम फुमियो किशिदा ने इतिहास को याद करते हुए कहा था कि कोरिया क्या पता अपने बैलिस्टिक मिसाइल्स का परीक्षण कर रहा है। अगर ऐसा है तो यह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन होगा। बता दें, संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के अनुसार, उत्तर कोरिया के हथियारों से संबंधित कामों पर रोक लगाया गया है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## प्रवासी भारतीयों से बोले राहुल: 'बोस, पटेल जैसे NRI रहे भारत के निर्माता, पर BJP गोडसे की विचारधारा पर चल रही'

**वाशिंगटन।** राहुल गांधी अमेरिका दौरे पर हैं। सोमवार को उन्होंने भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा कि भारत के विकास में प्रवासी भारतीयों ने अहम किरदार निभाया है। उन्होंने दुनिया में खुले विचार रखे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े महात्मा गांधी, बीआर अंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल, जवाहरलाल नेहरू और सुभाष चंद्र बोस सहित सभी प्रमुख नेता एनआरआई थे, उन्होंने दुनिया में खुले विचार व्यक्त किए। आधुनिक भारत के निर्माता महात्मा गांधी एक एनआरआई थे। स्वतंत्रता आंदोलन की नींव दक्षिण अफ्रीका में रखी गई थीा

राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने भारत को बदनाम करने के लिए वैश्विक स्तर पर एक नैरेटिव लागू करने का आरोप लगाया है। भाजपा पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि देश फिलहाल दो विचारधाराओं के कारण संघर्ष




कर रहा है। पहला कांग्रेस समर्थित दूसरी भाजपा और आरएसएस समर्थित। लेकिन कांग्रेस के सिद्धांत और हमारी विचारधारा महात्मा गांधी के विचारधारा से मेल खाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के विचार महात्मा गांधी की हत्या करने वाले नाथूराम गोडसे से मेल खाते हैं। हमारी विचारधारा उन महात्मा गांधी से मेल खाती है, जो एक एनआरआई थे। वह बेहद सुलझे हुए व्यक्ति थे। उन्होंने जीवन भर सत्य की खोज की। भाजपा गोडसे की विचारधारा पर चलती है, जो हिंसक है और गुस्सैल व्यक्ति है और जीवन की सच्चाई का सामना करने में असमर्थ है।

**पहले भी साध चुके हैं भाजपा पर निशाना**

राहुल गांधी अमेरिका के तीन शहरों की यात्रा पर हैं। यहां वॉशिंगटन और सैन फ्रांसिस्को के बाद राहुल गांधी न्यूयॉर्क पहुंचे। शनिवार को उन्होंने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस-यूएसए द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा था कि हमने कर्नाटक में यह करके दिखाया है कि हम भाजपा को हरा सकते हैं। हमने ना सिर्फ भाजपा को हराया बल्कि उसे धूल में मिला दिया। राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक चुनाव में भाजपा ने सारे उपाय किए। उनके पास मीडिया था, हमारे मुकाबले 10 गुना ज्यादा पैसे थे, एजेंसियां थी लेकिन उसके बावजूद हमने उन्हें हरा दिया। मैं बताना चाहता हूं कि अब तेलंगाना के चुनाव में भी हम उन्हें हराएंगे।

## जी-20 आईएफएडब्ल्यूजी की तीसरी बैठक 6-7 जून को गोवा में

**नई दिल्ली।** भारत की अध्यक्षता में तीसरी जी-20 अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संरचना कार्य समूह (आईएफएडब्ल्यूजी) की बैठक 6-7 जून को गोवा में होगी। दो दिवसीय इस बैठक के दौरान विचार-विमर्श का संचालन वित्त मंत्रालय और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के साथ-साथ आईएफएडब्ल्यूजी के सह-अध्यक्ष फ्रांस और कोरिया गणराज्य करेंगे। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि 6-7 जून को आयोजित होने वाली बैठक में जी-20 आईएफएडब्ल्यूजी प्रतिनिधियों की मेजबानी करने के लिए गोवा पूरी तरह है। दो दिवसीय बैठक के दौरान अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ढांचे में सुधार करने के साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था द्वारा सामना किए जाने वाले दबाव वाले मुद्दों को हल करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।
मंत्रालय ने बताया कि इस बैठक में भाग लेने के लिए जी-20 सदस्यों, आमंत्रित देशों और विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के लगभग 100 प्रतिनिधि गोवा पहुंचेंगे। भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत यह कार्य समूह पहले भी दो बार बैठक कर चुका है। इसकी पहली बैठक 30-31 जनवरी को चंडीगढ़ में हुई थी, जबकि दूसरी बैठक 30-31 मार्च को फ्रांस के पेरिस में हुई।